संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-220 मंगलवार,11 जून 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम आवास योजना के तहत बनेंगे 3 करोड़ घर

### » मोदी की नई कैबिनेट का पहला फैसला

**नई दिल्ली,10 जून 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार पीएम पद की शपथ ले ली है। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में अपनी नई कैबिनेट के साथ शपथ ली। मोदी सरकार 3.0 में कुल मंत्रियों की संख्या 72 होगी, जिसमें 30 मंत्री कैबिनेट का हिस्सा होंगे। इनके अलावा 5 मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। वहीं, 36 सांसदों को राज्य मंत्री का पद दिया गया है। मोदी कैबिनेट 3.0 में ऐसे कई मंत्रियों को शामिल किया गया है, जो मोदी सरकार 2.0 में भी मंत्री रहे हैं।

मोदी 3.0 कैबिनेट में शामिल कुल कैबिनेट मंत्रियों में 25 बीजेपी के हैं और 5 मंत्री पद सहयोगी पार्टियों को दिए गए हैं। वहीं, स्वतंत्र प्रभार के साथ 5 सांसदों को राज्य मंत्री बनाया गया है। जिनमें तीन बीजेपी, जयंत चौधरी के रूप में एक आरएलडी और प्रतापराव जाधव के रूप में एक शिवसेना से शामिल किए गए हैं।

### मोदी कैबिनेट मीटिंग लिया गया ये पहला फैसला

मोदी कैबिनेट की पहली बैठक में जो फैसला सामने आया है, उसके अनुसार पीएम आवास योजना को और एक्सटेंड किया गया है। सामने आया है कि पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ नए घर बनवाए जाएंगे। इसके पहले 4.21 करोड़ घर बन चुके हैं। सोमवार को पीएम मोदी की कैबिनेट की पहली मीटिंग हुई, जिसके तहत ये फैसला लिया गया है।

### बैठक में सर्वानंद सोनोवाल और गिरिराज सिंह भी मौजूद रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी पूरी कैबिनेट के साथ लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली थी. प्रधानमंत्री पद की शपथ के लगभग 16 घंटे बाद उन्होंने इस कार्यकाल की अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं.पीएम मोदी ने सोमवार को विधिवत तरीके से प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला। इसके बाद अब कैबिनेट की पहली बैठक हुई।. इस बैठक में सर्वानंद सोनोवाल और गिरिराज सिंह भी मौजूद रहे।.



## नितिन गडकरी,पीयूष गोयल भी कैबिनेट बैठक में शामिल

पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत हो चुकी है। आज मोदी कैबिनेट की पहली बैठक हुई,जिसे लेकर कहा जा रहा है कि इसमें कई बड़े फैसले लिए गए एवं लिए जाने हैं। सबसे बड़ा फैसला तो पोर्टफोलियो को लेकर है। वहीं इस बैठक में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पीयूष गोयल भी शामिल हुए।. सामने आया है कि इसमें राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा शामिल हुए।. जेपी नड्डा भी इस बार मंत्रिमंडल में शामिल हैं। वह अभी तक बीजेपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इसके अलावा मनोहर लाल खट्टर और ललन सिंह, शिवराज सिंह चौहान आदि भी मौजूद हैं।

## बैठक में राजनाथ सिंह,अमित शाह समेत बड़े नेता मौजूद रहे

मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट मीटिंग हुई। ये तीसरे कार्यकाल की पहली बैठक है। इस बैठक में सभी बड़े बीजेपी नेता मौजूद रहे। सामने आया है कि इसमें राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा शामिल रहे।. जेपी नड्डा भी इस बार मंत्रिमंडल में शामिल रहे।. वह अभी तक बीजेपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इसके अलावा मनोहर लाल खट्टर और ललन सिंह, शिवराज सिंह चौहान आदि भी मौजूद हैं।

## पीएम मोदी ने पहली फाइल पर किया साइन

जल्द जारी होगी किसान सम्मान निधि और पीएम आवास योजना की अगली किस्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट के साथ शपथ ग्रहण के लगभग 16 घंटे बाद उन्होंने इस कार्यकाल की अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएम मोदी ने पीएम किसान निधि सम्मान योजना की 17वीं किस्त से जुड़ी फाइल पर साइन किए हैं। इसके तहत लगभग 20 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए जाएंगे, जिससे देश के 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। इसलिए ये वाजिब था कि पहली फाइल जिस पर साइन किया जाना है, वह किसानों के कल्याण से जुड़ी हुई हो। मोदी ने कहा कि वो आने वाले समय में किसानों के लिए और कृषि सेक्टर के लिए अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं।

## मोदी कैबिनेट में किसके पास कौन सा मंत्रालय?

सोमवार यानी आज (10 जून) शाम 5 बजे नवगठित एनडीए सरकार की पहली कैबिनेट बैठक दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई। आजतक की रिपोर्ट की मुताबिक , कैबिनेट मंत्रियों के विभागों की घोषणा की गई।

**कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह** - रक्षा मंत्रालय अमित शाह- गृह मंत्रालय नितिन गडकरी- सड़क परिवहन मंत्रालय

**जेपी नड्डा**- स्वास्थ्य मंत्रालय शिवराज सिंह चौहान- कृषि मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय

**निर्मला सीतारमण** - वित्त मंत्रालय

**एस जयशंकर**- विदेश मंत्रालय

**मनोहर लाल खट्टर**- ऊर्जा मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय

**एचडी कुमारस्वामी**- उद्योग और इस्पात मंत्रालय

**पीयूष गोयल**- कॉमर्स मंत्रालय

**धर्मेंद्र प्रधान**- शिक्षा मंत्रालय

**जीतनराम मांझी**- एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय) मंत्रालय

**राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह सर्वानंद सोनेवाल डॉक्टर वीरेंद्र कुमार राम मोहन नायडू टीडीपी- नागरिक उड्डयन मंत्रालय प्रह्लाद जोशी**- खाद्य, उपभोक्ता और रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय

**जुएल ओरांव गिरिराज सिंह अश्विनी वैष्णव**- रेल मंत्रालय

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**- पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास और दूरसंचार मंत्रालय

**भूपेंद्र यादव**- पर्यावरण मंत्रालय गजेंद्र सिंह शेखावत- पर्यटन संस्कृति मंत्रालय

**अन्नपूर्णा देवी**- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**किरण रिजिजू** - संसदीय कार्य मंत्रालय

**हरदीप पुरी**- पेट्रोलियम मंत्रालय

**मनसुख मांडविया जी किशन रेड्डी चिराग पासवान**- खेल मंत्रालय

**सीआर पाटिल**- जलशक्ति मंत्रालय

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह**- संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय

**जितेंद्र सिंह- अर्जुन राम मेघवाल**- कानून मंत्रालय

**प्रतापराव गणपतराव जाधव जयंत चौधरी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद श्रीपद यशो नाइक पंकज चौधरी कृष्णपाल गुर्जर रामदास अठावले रामनाथ ठाकुर नित्यानंद राय अनुप्रिया पटेल वी सोमन्ना चंद्रशेखर पेम्मासानी एसपी सिंह बघेल शोभा करांदलाजे- कीर्तिवर्धन सिंह बीएल वर्मा शांतनु ठाकुर सुरेश गोपी**- संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय **एल मुरगन अजय टमटा**- सड़क परिवहन राज्य मंत्री बंदी संजय कमलेश पासवान भागीरथ चौधरी सतीश दुबे59. संजय सेठ रवनीत सिंह बिट्टू- अल्पसंख्यक मंत्रालय दुर्गादास सुइके रक्षा खडसे सुकांता मजूमदार सावित्री ठाकुर तोखन साहू राजभूषण चौधरी श्रीपति वर्मा/ श्रीनिवास वर्मा नरसापुरम हर्ष मल्होत्रा - सड़क परिवहन राज्य मंत्री नीमूबेन बमभानिया मुरलीधर मोहोल जॉर्ज कुरियन पबित्रा मार्गेरिटा

# ईसी ने 7 राज्यों में विधानसभा उपचुनाव की तारीखों का किया ऐलान




**नई दिल्ली,10 जून 2024(ए)।** चुनाव आयोग ने सोमवार 10 जून को 7 राज्यों में विधानसभा उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। आयोग ने बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश की खाली पड़ी 13 विधानसभा सीटों को भरने के लिए उपचुनाव कराने का फैसला किया गया है। इन सीटों पर चुनाव 10 जुलाई को होंगे और वोटों की गिनती 13 जुलाई को होगी।

चुनाव आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, बिहार की एक, बंगाल की चार, तमिलनाडु की एक, मध्य प्रदेश की एक, उत्तराखंड की दो सीटें, पंजाब की एक सीट और हिमाचल प्रदेश की तीन सीटों पर उपचुनाव होंगे।

### बिहार में एक विधानसभा सीट के लिए होगा उपचुनाव

चुनाव आयोग ने बिहार की एक विधानसभा सीट रुपौली के लिए उपचुनाव का ऐलान किया है। यह सीट बीमा भारती के इस्तीफे के कारण खाली हुई है।

### पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर है उपचुनाव

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों रायगंज, राणाघाट दक्षिण (एससी),बागदा (एससी) और मानिकतला के लिए उपचुनाव की घोषणा की है। बता दें कि रायगंज सीटकृष्ण कल्याणी के इस्तीफे के कारण खाली हुई है। राणाघाट दक्षिण (एससी) सीट डॉ. मुकुट मणि अधिकारी के इस्तीफे की वजह से रिक्त हुई है। बागदा (एससी) के विधायक विश्वजीत दास के इस्तीफे के कारण यहां दोबारा उपचुनाव कराया जाएगा। वहीं मानिकतला सीट साधन पांडे के निधन के कारण खाली हुई

### तमिलनाडु में एक सीट पर होगा उपचुनाव

चुनाव आयोग ने तमिलनाडु की विकरावंडी विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने का ऐलान कर दिया है। यह सीट विकरावंडी के सिटिंग एमएलए एन. पुगाझेंथी के निधन के कारण खाली हुई है।

### मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा

आयोग ने मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा (एसटी) विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी है। यह सीट कमलेश प्रताप शाह के इस्तीफे की कारण रिक्त हुई है।

### उत्तराखंड की दो सीटों पर होगा उपचुनाव

चुनाव आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, उत्तराखंड की दो सीटों पर उपचुनाव होगा। यह दोनों सीटें बद्रीनाथ और मंगलौर हैं। बद्रीनाथ सीट राजेंद्र सिंह भंडारी के इस्तीफे की वजह से खाली हुई है। वहीं मंगलौर सीट विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के कारण खाली है। अब इन दोनों सीटों को भरने का फैसला लिया गया है।

### पंजाब की एक सीट पर उपचुनाव की घोषणा

चुनाव आयोग ने पंजाब के जालंधर वेस्ट (एससी) सीट पर उपचुनाव होगा। यह सीट शीतल अंगुराल के इस्तीफे की वजह से रिक्त हुई है। शीतल अगुंराज 2022 से पहले बीजेपी में शामिल थे। 2022 में वह बीजेपी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए।

### हिमाचल प्रदेश की तीन सीटों पर होगा उपचुनाव

हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं। यह तीन सीटों डेहरा, हमीरपुर और नालागढ़ हैं। डेहरा सीट होशयार सिंह के इस्तीफे, हमीरपुर सीट आशीष शर्मा के इस्तीफे और नालागढ़ सीट केएल ठाकुर के इस्तीफे की वजह से खाली हुई हैं।

## राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को बीजेपी ने ओडिशा का ऑब्जर्वर नियुक्त किया

### » सीएम की दौड़ में ये नाम शामिल, 12 जून को शपथ ग्रहण



**नई दिल्ली,10 जून 2024(ए)।** बीजेपी ने ओडिशा में हुए विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 147 सीटों में से 78 सीटें जीत ली हैं। राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने की लिए पार्टी ने वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ऑब्जर्वर नियुक्त कर ओडिशा भेजा है।

बीजेपी ने एक बयान में कहा है कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है ताकि वे राज्य में नए मुख्यमंत्री के चयन की प्रक्रिया की निगरानी कर सकें। यह दोनों नेता विधानसभा चुनावों में सक्रिय रूप से शामिल थे और अब मुख्यमंत्री पद के लिए सही उम्मीदवार का चयन करेंगे। ओडिशा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 12 जून को होगा। बीजेपी नेता जतिन मोहंती और विजयपाल सिंह तोमर ने इसकी पुष्टि की है। मोहंती ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धताओं के कारण शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित किया गया है। नवनिर्वाचित सदस्यों की पहली विधायक दल की बैठक अब 11 जून को निर्धारित की गई है।

### कौन हैं सुरेश पुजारी जिनके नाम की हो रही चर्चा

सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि वरिष्ठ भाजपा नेता और नवनिर्वाचित विधायक सुरेश पुजारी नई दिल्ली पहुंचे हैं, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे सीएम पद की रेस में हैं।वहीं सीएम के चुनाव के लिए ओडिशा बीजेपी अध्यक्ष मनमोहन सामल से ये सवाल पूछने कि क्या वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं, सामल ने स्पष्ट किया, मैं सीएम पद की रेस में नहीं हूं मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, मैं बस उसे पूरा कर रहा हूं।

## सुरेश गोपी ने केंद्रीय मंत्री पद छोड़ने की जताई इच्छा




### बोले- मुझे फिल्मों में काम करना है

**नई दिल्ली,10 जून 2024(ए)।** रविवार को मोदी 3.0 कैबिनेट में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद केरल के भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने कहा कि वह पद से मुक्त होना चाहते हैं और त्रिशूर के लोगों के लिए एक सांसद के रूप में काम करना चाहते हैं। अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी ने कहा कि उन्होंने फिल्में साइन की हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर उन्हें करना है।

### मेरा लक्ष्य एक सांसद के रूप में काम करना

शपथ ग्रहण समारोह के बाद दिल्ली में एक क्षेत्रीय चैनल से बात करते हुए सुरेश गोपी ने कहा, मेरा लक्ष्य एक सांसद के रूप में काम करना है। मैंने कुछ नहीं मांगा। मैंने कहा था कि मुझे इस पद की आवश्यकता नहीं है। मुझे लगता है कि मैं जल्द ही पद से मुक्त हो जाऊंगा। त्रिशूर के मतदाताओं के साथ कोई समस्या नहीं है। वे इसे जानते हैं और एक सांसद के रूप में, मैं उनके लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करूंगा। मुझे किसी भी कीमत पर अपनी फिल्में करनी हैं।

## कोर्ट ने जेडीएस के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु,10 जून 2024(ए)।** कर्नाटक की एक अदालत ने जेडीएस के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अश्लील वीडियो मामले में फंसे रेवन्ना को पुलिस ने 31 मई को गिरफ्तार किया था। आरोपों के बाद से विदेश में रह रहे रेवन्ना जैसे ही बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशल एयरपोर्ट पर लैंड किए,पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने सोमवार को रेवन्ना की और हिरासत की मांग नहीं की। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रज्वल रेवन्ना आरोपों के घेरे में आए. इस दौरान ही अश्लील वीडियो वायरल हुआ. वीडियो सामने आने के बाद कर्नाटक सरकार हरकत में आ गई और जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने उन्हें तलब किया लेकिन वो जांच में शामिल नहीं हुए। इसके बाद पता चला कि राजनयिक पासपोर्ट पर रेवन्ना जर्मनी फरार हो गए। परिवार और राजनीतिक दबाव बढ़ने के बाद रेवन्ना 31 मई को भारत लौटे जिसके बाद एसआईटी ने उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया।



## कर्नाटक में बच्चे की तस्करी के मामले का भंडाफोड़,5 आरोपी गिरफ्तार



**बेलगाम,10 जून 2024(ए)।** कर्नाटक के बेलगाम शहर की पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर एक महीने के बच्चे की तस्करी के मामले का भंडाफोड़ किया है. जिला बाल संरक्षण विभाग और पुलिस के अधिकारियों ने संयुक्त अभियान चलाकर गिरोह का भंडाफोड़ किया. संयुक्त टीम ने फर्जी डॉक्टर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.

# नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

### देशभर में विरोध जारी

**नई दिल्ली,10 जून 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 4 जून को घोषित राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (हृश्वश्चङ्ग) के परिणाम को रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में नीट के परिणाम में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए नए सिरे से प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का आदेश देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक अन्य याचिका में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा छात्रों को अनुग्रह / प्रतिपूरक अंक दिए जाने के निर्णय को भी चुनौती दी गई है।



### याचिका में लगाया यह आरोप

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में आरोप लगाया गया है कि 4 जून को घोषित नीट स्नातक के परिणाम में बड़े पैमाने पर अनियमितता व्याप्त है। तेलांगना निवासी अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और आंध्र प्रदेश निवासी डॉ. शेख रोशन मोहिद्दीन की ओर से दाखिल याचिका में छात्रों को अनुग्रह / प्रतिपूरक अंक देने में भी मनमानी का आरोप लगाया है।

### ग्रेस मार्क देना छात्रों को बैकडोर एंट्री देने का प्रयास

याचिकाकर्ताओं ने याचिका में खुद को छात्रों के हित के लिए काम करने का दावा किया है। याचिका में कहा गया है कि कई छात्रों द्वारा प्राप्त 720 में से 718 और 719 के उच्च अंक 'सांख्यिकीय रूप से असंभव है। याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा परीक्षा के दौरान देरी के चलते प्रति पूरक अंक देना, कुछ छात्रों को बैकडोर एंट्री देने के लिए एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि एक ही परीक्षा केंद्र के 67 छात्रों को 720 अंक में से 720 अंक प्राप्त होना, इस संदेह को मजबूत करता है कि परिणाम उचित नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट याचिका पर केजरीवाल सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,10 जून 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें हल्के में मत लीजिए। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उसकी याचिका में खामियों को दूर न करने के लिए यह फटकार लगाई रहै। याचिका में हरियाणा को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को कम करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को छोड़ दें।जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार की दायर याचिका में त्रुटि के कारण रजिस्ट्री में हलफनामे स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं।



## संपादकीय

# अदालत की टिप्पणी मायनेखेज

राजधानी दिल्ली में पानी की भारी किल्लत पर सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी मायनेखेज है। शीर्ष अदालत ने इसी के मद् देनजर हिमाचल प्रदेश को 7 जून को दिल्ली के लिए 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़ने का निर्देश दिया।साथ ही हरियाणा से कहा कि वह दिल्ली तक पानी का सुगम प्रवाह सुनिश्चित करे। दरअसल, दिल्ली में पानी की घनघोर किल्लत पिछले एक महीने से लगातार बनी हुई है। पानी को लेकर दिल्ली में हिंसक झड़प भी हुई। यहां तक कि एक शख्स की मौत भी हुई।दूसरी ओर, दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता अतिशी ने पिछले हफ्ते हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर अतिरिक्त पानी देने का अनुरोध किया था। हकीकी तौर पर दिल्ली में पानी को लेकर हमेशा से राजनीति होती रही है।इस बार भी कुछ ऐसा ही हो रहा था। एक तरफ भाजपा ने जहां दिल्ली सरकार को पानी के मसले पर लगातार घेरा और पानी की कमी को लेकर केजरीवाल सरकार की नाक में दम किए रखी। वहीं आम आदमी पार्टी का कहना है कि इस बार चूंकि गर्मी का कहर ज्यादा रहा इसलिए राज्य में पानी की जोरदार कमी महसूस की गई, मगर हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने मानवीय मूल्यों की परवाह नहीं की और दिल्ली की जनता को पानी के लिए तरसाया।खैर, सर्वोच्च अदालत को इस बात का इल्म है कि पानी पर यहां जमकर राजनीति हो रही है। यही वजह है कि उसने इस मामले में राजनीति न करने की सख्त हिदायत दी है।

# भारत को आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा से बड़ा खतरा

» पाकिस्तान से आंतरिक सुरक्षा को खतरा

» चीन और पाकिस्तान परंपरागत दुश्मन

भारत में तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के साथ ही जम्मू और कश्मीर में श्रद्धालुओं की बसों पर



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

आतंकवादियों द्वारा गोली बरसाए जाने से बस पलट गई जिससे 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इससे यह सवाल उठता है कि भारत को अभी भी आंतरिक तौर पर पाकिस्तान एवं अन्य आतंकवादी देशों से अभी भी खतरा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की यात्रा के साथ चीन से अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए भीख का कटोरा लेकर कुछ मांगने गए, यह अलग मुद्दा है कि चीन से उन्हें कितनी मदद मिल पाती है पर यह तय है कि पाकिस्तान अपनी आतंकी गतिविधियों से परहेज नहीं कर रहा है. भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रपतियों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक संवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग 2 हजार लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। दूसरी तरफ भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश में सदैव



वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत को धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की 7सीमाएं जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। इनमें चीन और पाकिस्तान को छोड़कर सभी देशों के राष्ट्रीय अध्यक्ष या प्रतिनिधि मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में सद्भावना पूर्वक शामिल होने आए थे। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है। मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं। लाइन आफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख में सदैव अतिक्रमण किया है और भारत का चीन से डोकलाम, पपेंगांग, गलवान क्षेत्रों में सैनिक स्तर का विवाद होता रहा है और एलएसी पर चीन और भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। इसी बात में अमेरिका भारत के साथ है किंतु रूस इस मामले में निरपेक्ष नीति अपनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका भारत का स्वतंत्रता के बाद से तभी सहयोगी मित्र नहीं रहा है और रूस ने परंपरागत रूप से अपनी मित्रता भारत के साथ अलग-अलग घटनाओं तथा युद्धों में साबित की है। यह तो तय है कि भारत में आतंकी गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के लिए हमेशा खतरा बनी हुई थी और है। इसके अलावा एल ए सी तथा एलओसी में चीन तथा पाकिस्तान जैसे देशों से हमें मुकाबला करना होगा। पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है पर चीन की मदद तथा उकसावे के कारण पाकिस्तान भारत को एक बड़ा दुश्मन मानती है। वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की सभी देशों से अच्छी मित्रता है एवं भारत को शांति का पक्षधर माना जाता है किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में यह बात एकदम स्पष्ट उभर कर आई है कि किसी भी युद्ध में देश को अपनी सुरक्षा खुद की शक्ति एवं सामर्थ्य से करनी होगी। अमेरिका जैसे देश बाहर से तमाशा देखने वाले देशों में माने जाते हैं। अतः भारत को अपनी आंतरिक तथा सीमा की सुरक्षा स्वयं के शक्ति तथा सामर्थ से ही करनी होगी एवं हमेशा सतर्कता बरतनी होगी।

# एनडीए सरकार में आसान नहीं आगे की राह

लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव प्रचार में सैकड़ों पत्रकार लगे सर्वेक्षक अलग-अलग एंगल से सामने आ हैं। सब कह रहे थे कि एनडीए 400 के पार हो जायेगी



संजय गोस्वामी
मुंबई,
महाराष्ट्र

मुझे ऐसा लग रहा था जैसा हमने अलग-अलग लोगों से सत्तापक्ष व विपक्षी पार्टी के बारे में सुना व चुनाव में लग रहा है परिणाम कुछ और तो नहीं होगा अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, वरना कांग्रेस आगे है या तो एक दिशा में लहर चल रही है या दूसरी दिशा में हवा चल रही है। नतीजे चौंकाने वाले आश्चर्यजनक ज़रूर होंगे। क्या ऐसी कोई लहर है जो आड़े नहीं आती? लोकसभा चुनाव के बाद ऐसा लग रहा है कि या तो मतदाता बेहद चालाक हो गए हैं या फिर पत्रकार लोगों को समझ नहीं पा रहे हैं। ऐसे में ऊंट तस्वीर में आता है, जिसका नाम चुनाव परिणाम से जुड़ा होता है। हालांकि कई साल पहले ऊंट अनुसंधान संस्थान में मैंने ऊंट पालक रेबारी और ऊंट पालक अग्नि अधीर से भी यही सवाल पूछा था। पहले से पता लगाना लगभग असंभव है कि ऊंट कहाँ है और ऊंटनी कहाँ है। यानी अगर कोई व्यक्ति लगातार चुनावों पर नज़र रखे, लोगों के बीच जाए और उनके मन को टटोलता रहे तो नतीजे उसे चौंकाएंगे नहीं। नतीजों का तो पता नहीं, लेकिन कई बार मतदाता चौंकाने वाले जवाब ज़रूर देते हैं। बात 2004 की है। लोकसभा चुनाव में अगले दिन नतीजे आने थे और काफ़ी देर तक एक होटल का गार्ड मुझसे पूछ रहा था, इंडिया शाइनिंग और अच्छी चीजें साहबों के लिए हैं, हमारी ज़िन्दगी में वही अँधेरा है। मेरा दिल ख़ामोश है...अटल जी चुनाव हार रहे हैं। बात 2003 की है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव का माहौल था। जयपुर और गोटा के बीच एक जगह चुनाव प्रचार के दौरान एक रेहड़ी वाले से सोना खरीदा गया। गेले खाते हुए मैंने ग्रामीण से वर्तमान लोकसभा चुनाव के बारे में पूछा एक मतदाता ने तुरंत कहा, अगर आप चुनाव चिह्न का बोझ नहीं उठा पा रहे हैं तो जीतने के बाद लोगों से किए गए वादों का बोझ कैसे उठा पाएंगे? वहाँ हार निश्चित थी। गुजरात में 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 99 सीटों पर सिमट गई, हालांकि वह सरकार बनाने के लिए एकजुट थी। जैसे ही हम अहमदाबाद एयरपोर्ट से बाहर निकले, टैक्सी ड्राइवर ने हमें चेतावनी दी कि भाजपा हारने वाली नहीं है। मुझे कुछ राहत देनी होगी। इसी तरह, गुवाहाटी एयरपोर्ट से उतरने के बाद, बेरोजगारी से परेशान ड्राइवर ने अपने बेटे को बताया कि बांग्लादेशी मुसलमानों ने हमारे लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है 2018 में रायपुर एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही टैक्सी ड्राइवर ने कहा था, रमन सिंह अच्छे आदमी हैं, लेकिन हमने एक बार भी कांग्रेस या राज नहीं देखा, इस बार बदलाव देखेंगे। जब नतीजे आते तो भाजपा की सरकार बदल चुकी होती। 2015 में जब मैं पटना एयरपोर्ट से बाहर आ रहा था तो टैक्सी ड्राइवर ने मुझे एक लाइन में चुनावी रणनीति समझा दी थी। तीन पार्टियाँ हैं राजद, जदयू और भाजपा। दो पार्टियाँ साथ होंगी तो जीत जाएंगी। 2015 में लालू-नीतीश साथ थे तो जीत गए 2020 में जदयू और भाजपा साथ थे तो जीत गए। 10 नवंबर 2020 को वोटों की गिनती शुरू हुई और मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 125 निर्वाचित विधायकों के साथ विजेता बनकर उभरा, जबकि मुख्य विपक्षी गठबंधन महागठबंधन ने 110 सीटें जीतीं। अन्य छोटे गठबंधनों और दलों ने 7 सीटें जीतीं जबकि केवल 1 नवनिर्वाचित विधायक निर्दलीय था। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2018 के दौरान अलवर टाइगर प्रोजेक्ट में चाय की चुस्की लेते हुए जीनियस ने कहा कि वसुंधरा राजे बगीचे में दिखेंगी और साथ में दिखेंगी, लेकिन उन्होंने कहा कि इस बार वोट गहलोत को जाएगा। मैंने पूछा, वसुंधरा ने इतनी राहत दी तो गहलोत को वोट क्यों? जवाब आया, इससे भी ज़्यादा देंगे। वैसे, यह भी सच है कि इन दिनों स्थानीय मतदाता दिल्ली से आए पदभारंगर के सामने खुलते नहीं हैं। बिहार, तिहाड़ और उत्तर प्रदेश में कुछ मतदाताओं ने कहा, आप लोग दिल्ली से आए हैं, आपको मोदीजी ने भेजा है। अगर हम नहीं कहेंगे तो हमारा नाम लाभार्थियों की सूची से हटा दिया जाएगा। एक और दिलचस्प जगह है मंदसौर। बात 2018 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की है। एक युवा किसान काम कर रहा था। उसे लग रहा था कि इस बार मामा यानी शिवराज सिंह चौहान की झोपड़ी उखड़ जाएगी। दरअसल, योजना के तहत उस किसान के खाते में डेढ़ लाख रुपए नहीं आए थे। आधे घंटे बाद किसान वही युवक चिल्लाता हुआ मेरे पास आया। वह अपना मोबाइल और ज़ेवर दिखाने लगा। उसने कहा कि मेरे खाते में डेढ़ लाख रुपए आए हैं। खाता। चाचा जिंदाबाद। इससे साबित होता है कि मतदाता भी बहुत मांग करने वाला हो गया है। यूपी के इलाहाबाद में विज्ञान परिषद गया वहीं लोगों से पूछ राम मंदिर बन गया है कौन-सा चुनाव जीतेगा, तभी एक युवा ने बताया कि पेपर लीक होने से मेरे अरमानो पर पानी फिर गया, राम का राज्य न्याय के लिए था, अत~ सरकार के विरोध में वोट करेंगे, चुनाव दिखाते हैं कि युवा पीढ़ी क्या सोच रही है। वह मेहनत करती है और होमवर्क के धंधे में लग जाती है। वे पैसे ख़र्च करने को भी तैयार दिखते हैं। और सही में उत्तर प्रदेश में हार चौंकाने वाली है उधर वाराणसी जाने हेतु जैसे ही हवाई अड्डे पर उतरा दो टैक्सी वाले लड़ गए ऐ मेरा ग्राहक है ऐसा लगा की दो पार्टियों में लड़ाई हो रही है और किसी एक में कम वाले पर बैठा ड्राइवर से पूछा रोड तो चमक गया रोड के बीच में सुन्दर पेड़ भी लगे हैं उसने रोड के बारे में जबाब ना देकर पेड़ के बारे में बताया की ऐ पेड़ लगाने का जो ठिका मिला है वह सरकार के ही लोगों का है अतः हमें लगा उसमें किसी निर्णय को लेकर गुस्सा है और वह सरकार को बदलना चाहता है खैर जब घर आया और 2की शाम को एग्जिट पोल देखा तो जैसे लगा की बीजेपी अकेले दम पर 370को पार कर लेगी और एनडीए 400के पार आसानी से हो जायेगा तब हमें लगा वह सब बकबास बात किया होगा और आसानी से 350तो बीजेपी को आ ही जाएगी जैसा नारा दिया गया था ख़ुशी का माहौल था 3तारीख को यही उम्मीद से जल्दी सो गया कि सुबह जल्द उठकर न्यूज में चुनाव परिणाम देखता हूँ और एनडीए को 400क्या 450भी आ सकता है और है सुबह उठकर जैसे ही पूजन कर 8बजे टीवी पर देखा तो 290 एनडीए जो बीजेपी प्लस कर दिखा रहा था वह दिखने लगा-लगा की ऐ शुरुआत के परिणाम है इसमें बदलाव होगा एक समय तो बीजेपी प्लस 280 के पास भी हो गया और हमें लगा की ऐसा ना हो की सरकार भी ना बन पाए टीवी बन्द कर दिया शाम में देखा तो बीजेपी प्लस 292सीट दिखा और बीजेपी 240 अंतिम परिणाम में ऐसा लगने लगा की कहीं जेडीयू व टीडीपी जो 12सीट व 16सीट लेकर आई है कहीं पाला ना बदल लें और उधर ऐ न्यूज़ आने लगा कि शरद पवार ने नीतीशजी को उपप्रधानमंत्री पद का ऑफर दे दी है शायद उधर गए तो कुछ दले और उनके साथ हो जाएगी और सरकार बनने में कठिनाई होगी लेकिन एक न्यूज़ आया, प्रधानमंत्री जी ने चन्द्राबाबू नायडू से फ़ोन पर बात की है मन तो उदास था लेकिन अंततः अगले दिन एनडीए की बैठक हुई मुझे लगा शायद दोनों पार्टियों में से एक भी निकला तो खेल बिगड़ सकता है क्योंकि कुछ छोटे दल जैसे जेडीएस के कुमारस्वामी, राष्ट्रीय लोकदल कभी भी स्टैण्ड बदल सकती है और सरकार गिर जाएगी।

## बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान

हाल में दिल्ली में बेबी केयर सेंटर में आग लगने से जो हादसा हुआ, उससे नर्सिंग होम और बेबी केयर सेंटर्स में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान लग गए हैं। इस हादसे के बाद जांच में बहुत सारी खामियां मिल रही हैं।बेबी केयर सेंटर नर्सिंग होम के पंजीकरण पर संचालित किया जा रहा था और इसका लाइसेंस भी 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो चुका था। इसका रिन्यूअल नहीं कराया गया था। मौके पर आग बुझाने का कोई भी उपकरण मौजूद नहीं था और न ही किसी फायर फाइटिंग सिस्टम को लगाने का प्रयास किया गया था। आपातकालीन स्थिति में इमारत से बाहर निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था।इस घटना ने लोगों को दिल्ली में संचालित अन्य निजी नर्सिंग होम, बेबी केयर सेंटर, निजी क्लिनिक और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। इन अस्पतालों और नर्सिंग होम को चलाने के लिए किन नियमों का पालन करना पड़ता है और कहां से लाइसेंस लेना पड़ता है; इस संबंध में कुछ जानकारियां हैं- सबसे पहले दिल्ली में नर्सिंग होम चलाने के लिए दिल्ली सरकार के डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज से नर्सिंग होम एक्ट के तहत लाइसेंस लेना होता है।डीजीएचएस कार्यालय में पंजीकरण के लिए आवेदन करना होता है। इसके बाद डीजीएचएस कार्यालय की ओर से नर्सिंग होम बिल्डिंग का निरीक्षण किया जाता है; यदि बिल्डिंग नियमों के तहत सही पाई जाती है, तो नर्सिंग होम चलाने का लाइसेंस दिया जाता है। दिल्ली का मास्टर प्लान 2021 के तहत जांच की जाती है कि उस रेजिडेंशियल एरिया, जहां सड़क की चौड़ाई 9 मीटर या उससे अधिक हो, में क्या नर्सिंग होम या अस्पताल चलाने के लिए स्वीकृति दी जा सकती है।दूसरा, दिल्ली के फायर एक्ट के तहत फायर विभाग से नर्सिंग होम या अस्पताल चलाने के लिए एनओसी तब लेनी होती है, जब उस बिल्डिंग की ऊंचाई नौ मीटर से ज्यादा हो। बिल्डिंग की ऊंचाई नौ मीटर या उससे कम हो, तब एनओसी की जरूरत नहीं होती। तीसरा, चाइल्ड बेबी केयर सेंटर के लिए अलग से परमिशन की जरूरत नहीं पड़ती। उसे नर्सिंग होम के तहत ही पंजीकृत कराकर लाइसेंस लेकर चलाया जा सकता है। डीजीएचएस के जरिए ही बेबी केयर सेंटर को भी नर्सिंग होम एक्ट में पंजीकृत कर सकते हैं।बेबी केयर सेंटर चलाने के लिए प्रशिक्षित पीडियाट्रिशियन, स्पेशलिस्ट डॉक्टर और प्रशिक्षित नर्स की जरूरत होती है। डीजीएचएस द्वारा किसी भी नर्सिंग होम या अस्पताल को पहली बार तीन साल के लिए लाइसेंस दिया जाता है। लाइसेंस का समय खत्म होने से दो महीने पहले रिन्यूअल के लिए आवेदन करना चाहिए। इस बीच रिन्यूअल की अवधि समाप्त हो रही हो तो तब तक इंतजार करना चाहिए,जब तक डीजीएचएस से कोई सूचना नहीं आ जाती। लेकिन जब तक रिन्यूअल के लिए भेजे गए आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया जाता, तब तक अस्पताल और नर्सिंग होम संचालक अस्पताल चला सकता है। पंजीकरण या लाइसेंस अस्वीकृत होने के बाद ही उसको बंद किया जा सकता है। यदि डीजीएचएस कार्यालय देरी कर रहा है, तो विलंब की बाबत पूछताछ की जा सकती है।दिल्ली नगर निगम या एनडीएमसी के नक्शे के हिसाब से ही बिल्डिंग बनानी पड़ती है। इस नक्शे और बिल्डिंग को देख कर ही डीजीएचएस की ओर से लाइसेंस दिया जाता है। उसके बाद ही नगर निगम या एनडीएमसी उस बिल्डिंग से हाउस टैक्स लेता है। नर्सिंग होम एक्ट के अनुसार 100 वर्ग मीटर के किसी भी प्लाट पर बनी बिल्डिंग में अस्पताल संचालित कर सकते हैं।

-भगवती प्रसाद डोभाल-

## छत्तीसगढ़ी बालकहानी

# पुचकी अउ पुचकू



सुन न पुचकू! पुचकी ह पूछते रिहिस हे तइसने मा; पुचकू कहिथे-काय होगे पुचकी? गोठिया न। अतेक संसो म कइसे दिखत हस आज तैं? दूनों परानी



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

एक-दूसर ल अबड़ मया करैं। एक-दूसर ल पुचकी-पुचकू कहत हूँद कराँय;अउ गोठियाँय। ईंखर पति-पत्नी म मया ल आन चिरई मन बड़ सँहराय।

पुचकी कहन लागिस-मोला बड़ फिकर होवत हे जी। येदे अब मोरो अंडा दे के दिन लकठावत हे। अब हमन कहाँ जाबो, खोंदरा कहाँ बनाबो, कुछ समझ नइ आवत हे। ये मनखे मन ह अपन स्वारथ के हरे। रुख-राई ल काट डरे हे। नदिया ला पाट डरे हे अउ अपन मन बड़े-बड़े महल-अटारी ल छाबत हें। हमन मरन चाहे बाँचन का फरक पड़थे कोनो ला।

तोर बात तो सोला आना सच हे पुचकी, फेर का होही ते, एसो के गरमी घलो बड़ लाहो लेवत हे। सुरुज देवता सउँहत आगी उगलत हे। मनखे मन खड़े-खड़े भुँजावत हें ता फेर हमन कोन खेत के ढेला हरन। गोठियाते-गोठियात पुचकू थोरिक चुप होइस।

हाँ सही काहत हस पुचकू। पुचकी हाँ म हाँ मिलावत कहिथे- पुचकी तैं घर म रहा। मैं आवत हों थोरिक घूम के अउ जगा पता कर के।

वा. तैं एकेझन कहाँ जाबे। महूँ जाहूँ तोर सन। पुचकी कहिस।

तैं जादा जिद्द झन कर न ओ बाई। तैं आधासीसी घलो हस। चक्कर आ जाही ता कइसे करबे बता ? पुचकू समझाय अस कहिस।

मैं मनखे नो हरों जी, जेन थोरिक मा चक्कर खा के गिर जाहूँ। हमन ला भगवान अतेक कमजोर नइ बनाय हे। अपन सुरक्षा खुद कर सकत हन। हमन ला न कोनो डाक्टर के जरूरत पड़े, न सूजी पानी के, समझे? मनखे मन ला देख-देख के ओकर असर तुहीं ला होगे हे। पुचकी हाँसत-हाँसत खोंदरा ले निकलिस।

फेर पुचकू कहिथे- हाव सही बात ए। पर देखत हस पुचकी, कोनो जगह छँइहा नइ हे, बड़े-बड़े बिल्डिंग ठोकाए हे।

ओला देख न पुचकू। पुचकी पुचकू के थोरिक लट्ठा गिस।

काला देखँव ओ? पुचकू कहिथे। पुचकी फेर अपन बात रखत कहिथे- पहिली के मनखे मन बड़े-बड़े छज्जा बनाय,अब कतका नान-नान बनाथे अउ ओमा रंगीन लाइट घलो लगाथे। पुचकू, मोला उही मा खोंदरा बनाना हे।

धत् रे पगली! पुचकू अपन माथा ला ठोकिस-ओला छोटे छज्जा नइ काहय ओ, ओहा फाल सीलिंग हरे समझे?अई.अई.हम ला का पता, काय हरे ते। फेर मोला उही मा खोंदरा बनाना हे।पुचकी फेर कहिस।

पुचकी तैं जिद्द झन कर। मनखे मन भगा देही। समझे? पुचकू अपन मन के बात ला राखिस।

अंडा भर तो देना हे जी। दू महीना रहिबो लइका मन के बाढ़त ले। पुचकी के जुवाब होइस।

ठीक हे भई...! कोशिश करे मा का हे। पुचकू मानगे।

ले न पुचकू जल्दी बना। अब मोर से रुके नइ जावत हे। मोला आराम के जरूरत हे। पुचकी जम्हावत किहिस।

ता कइसे करो तहीं बता ना..। पुचकू कंझावत कहिथे- चार दिन होगे मैं पैरा ला लान-लान के रखत हों। फेर ये माईलोगन मन टार देथें। कचरा लागत हे हमर मन के घर हा तो उमन ला।

शांत हो जा पुचकू। काली मैं सुनत रहेंव कि वो शिखा नोनी ह अपन माँ करा गोठियात रिहिस कि झन बिगाड़ न माँ इँकर झाला-खोंदरा ला। ये चिरई मन कहाँ जाहीं। रहन दे कहिके। चल काम ला जल्दी शुरू करबो।

हाय..! पुचकी हमर नवा घर बन के तइयार होगे अब। जादा येती-वोती झन करबे। कुछू परेशानी होही ता बताबे। ठीक हे।

हाव पुचकू। देख न पुचकू हमन ये शिखा अउ ओकर माँ ला कतका गलत समझत रहेंन। पुचकी काहन लागिस।

फेर का होगे पुचकी ? हमन लइका मन बर चारा खोजे बर जाथन, ओकर ले पहिली भात, कनकी अउ पानी ला मढ़ा देथे ताकि घाम म भटके ला झन परे कहिके। ये घर ला छोड़ के जाबो ता कतेक सुन्ना लगही हमन ला भी अउ शिखा मन ला घलोक। का करबे पुचकी, चिरई के जात हन, अतकी प्रेम-व्यवहार हर काम आथे। हर इंसान मन पक्षी के पीरा ला समझे। मोला बड़ रोवासी आवत हे पुचकू। छोड़ के जाय के मन नइ करत हे। लइका मन ला घलो बड़ मया करथें। गोठियात-गोठियात पुचकी रो डरिस।

चल पुचकी, लइका मन ला धर अउ बिदा ले। पुचकू अपन चोंच मा पुचकी ला सहलावत अपन दूनों डेना मा पोटार लिस। घर ला छोड़त बेरा सबोझन के आँखी डबडबागे।

## कुर्सी किसकी





मोनिका डागा
आनंद
चेन्नई ,
तमिलनाडु

कुर्सी !कुर्सी ! मची है कैसी ये छीना झपटी हाय
तेरी है कि मेरी, बड़ी मायावी है ये कुर्सी हाय ।
राजसिंहासन का लोभ प्रबल,
कुछ नेता दिखाएं पैसे का बल,
प्रलोभन देकर कुर्सी हथियाएं,
बाद में प्रजा का बैंड बजाएं ।
ज्ञान वान महापुरुष छले जाएं,
कलियुग में विश्वास घात की चोट खाएं,
जनता के हित जो कर्तव्य निभाते,
उनको कुर्सी पर क्यों नहीं बिठाते ।
अनीति का जो जन देते साथ,
जाने कैसा जादू डाले माथ,
बुद्धि घुमा देते प्रजा की ऐसी ,
दुष्ट नेता करें ये करामात कैसी ।
मगर सत्य तो शाश्वत आनंद होता है,
कितने ही तुम पापड़ बेलो,
कुर्सी तो उसी को मिलती है,
जो सत्य शपथ लेता सेवा की है ।
कुर्सी ! कुर्सी ! मची है
कैसी ये छीना झपटी हाय ,
तेरी है कि मेरी,बड़ी
मायावी है ये कुर्सी हाय

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## वीर शिवाजी





लक्ष्मी नारायण
सेन
खुटेरी गरियाबंद
(छत्तीसगढ़)

धन्य धन्य शिवनेरी दुर्ग की धरा पावन
जहाँ जन्मे छत्रपति वीर शिवाजी भावन
लिपटे आंचल माता जीजा जी भोंसले
खेले आंगन पिता शाह जी राजे भोंसले
जीवन पर विशेष छाप था शिवाजी का
प्रतिभाशाली त्याग मूर्ति जीजा जी का।।
युद्धकला राजनीति सीखा
माँ की निगरानी पर
अदभुत योद्धा देने की जिम्मा थी
महरानी पर।।
बड़ी सियानी धर्म पत्नी सई बाई चुने
जीवनसंगनी रूप मे नौ नारी को बुने।।
एक नही सैकड़ों गिराए हरे डण्डे
गाड़े वहाँ भगवा की पतित झण्डे।।
पंद्रह बरस की आयु में
जीते तोड़ना किले
देख साहस सारे मराठा
शिवा से सहज मिले
आदिलशाह की तोड़े शिवा सारे गुरूर
शाहजीराजे को
छोड़ने कर दिए मजबूर।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## क्या ठीक है



ओत्तेरी सेल्वा
कुमार
चेन्नई
तमिलनाडु

हवा में लहराता हुआ पेड़ों का पत्तों
के माध्यम से
बात कर रहे है छाया..
सूरज के प्रकोप के लिए
कि पृथ्वी शापित न हो
पेड़ छाते प्रदान करते हैं
पेड़ों की छाया में एक ब्रेक ले लो...
पृथ्वी चपटी है धरती की गर्मी
प्रत्यर्पण का प्रयास किया गया
पेड़ करते हैं...
यहाँ पेड़ हैं और जीवन
यह बारिश पर निर्भर करता है
वहाँ है
बारिश पेड़ों के लिए भी होती है
सिर्फ बारिश होती है...
लेकिन केवल वही
यह सही है
इससे अधिक
सहमत नहीं हो सका...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# पीजी कॉलेज मैदान बन चुका नशे का अड्डा

## असामाजिक तत्वों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा नशे का सेवन

- संवाददाता -
अंबिकापुर10 जून 2024 (घटती-घटना)।

शहर के पीजी कॉलेज असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। असामाजिक तत्वों द्वारा यहां नशे का सेवन किया जाता है। जबकि पीजी कॉलेज मैदान में प्रतिदिन काफी संख्या में सुबह-शाम टहलने व खेलने आते हैं। असामाजिक तत्वों के कारण लोगों में असुरक्षा का भय बना रहता है। मामले को लेकर आजाद सेवा संघ ने सोमवार को आईजी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय के मैदान में नशाखोरों का जमावड़ा बढ़ रहा है। जिससे वहां आने वाले छात्रों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं और छात्राओं पर अनुचित



टिप्पणियां की जा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए आजाद सेवा संघ ने महाविद्यालय के प्राचार्य को भी ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मैदान में सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति और गेट पर निगरानी व्यवस्था की मांग की गई है, ताकि महाविद्यालय में आने वाले सभी लोगों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज महोदय ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए सात दिनों के भीतर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मैदान में निगरानी और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने कहा कि यदि सात दिनों के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे इस विषय में उचित कदम उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समाज हित में नशाखोरी के विरुद्ध आजाद सेवा संघ की लड़ाई निरंतर चलती रहेगी। संघ ने समाज में सुधार हेतु नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई है। संघ ने नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सहयोग मांगा है।आजाद सेवा संघ ने महाविद्यालय के प्रशासन और पुलिस विभाग से शीघ्र और ठोस कदम उठाने की अपील की है, ताकि छात्र-छात्राओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके और समाज में व्याप्त असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इस ज्ञापन को सौंपने के दौरान आजाद सेवा संघ छात्र मोर्चा के अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अतुल गुप्ता, आनंद पटेल, रवि गुप्ता, सौम्या केसरी आदि उपस्थित रहे।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई कार्रवाई



- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

जिले मे पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की सघनता से जांच की गई, वाहन चालकों कों ब्रेथ ऐनालाइजर से चेक करने पर थाना गांधीनगर अंतर्गत 1 प्रकरण, थाना मणीपुर अंतर्गत 2 प्रकरण, थाना लखनपुर अंतर्गत 1 प्रकरण, चौकी रघुनाथपुर अंतर्गत 3 प्रकरण, थाना सीतापुर अंतर्गत 2 प्रकरण दर्ज किया गया चेकिंग के दौरान कुल 9 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकडे गए, पुलिस टीम द्वारा मामलो मे अनावेदको के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल के तहत प्रकरण न्यायालय पेश किया गया हैं, अभियान के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने पर कुल 67 वाहन चालकों से 66100 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों कों यातायात नियमो का पालन कर वाहन चलाने के निर्देश दिए गए, वाहन चालकों कों शराब पीकर वाहन चलाये जाने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई, सरगुजा पुलिस आमंगरिकों की सेवा एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जमीन में सोने के दौरान सर्पदंश से बालक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

रविवार की रात को सर्पदंश से एक बालक की मौत हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जमीन में सोने के दौरान बालक 1 जून को सर्पदंश का शिकार हो गया था। वहीं तीन दिन पूर्व सर्प दंश से दंपति की मौत हो चुकी है। अनिकेत पिता विरेंद्र पनिका (12) राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चौरा का रहने वाला था। अनिकेत 1 जून की रात को अपने चाचा सुकसागर व अन्य लोगों के साथ जमीन में सोया था। रात करीब 1.30 बजे चिल्लाते हुए उठा और परिजन को बताया कि बाएं हाथ में सांप डंस लिया है। परिजन ने देखा तो बिस्तर के पास में ही डंडा करैत सांप था। परिजन उसे निजी वाहन से इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद 2 जून को उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाकार भर्ती कराए थे। यहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान 9 जून की रात को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।





## गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया गया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

सिखों के पांचवे गुरु धन धन श्री गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस 10 जून को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा अंबिकापुर में मनाया गया।

इस अवसर पर रागी जत्था भाई हरजी सिंह द्वारा रसमय कीर्तन कर संगत को निहाल किया गया। इस अवसर पर छबील का अटूट लंगर सुबह 11 बजे से गुरुद्वारा साहिब के बाहर लगाया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने देश, धर्म और कौम की रक्षा के लिए अपनी शहीदी दी थी। कार्यक्रम का संचालन सचिव नरेंद्र सिंह भामरा ने किया। पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष अमितोज सिंह टुटेजा, अमनदीप सिंह छाबड़ा, लक्की भामरा, मोंटी भामरा, पपिंदर सिंह विल्खू, राजू जुनेजा और कमेटी के सदस्य सक्रिय रहे।

## कलाकेन्द्र मैदान के सामने से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

जिला अस्पताल के कर्मचारी की बाइक अज्ञात चोर ने 7 जून की शाम को कलाकेन्द्र मैदान के बाहर से पार कर दी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शेखर गाईन बलरामपुर जिले का रहने वाला है और जिला अस्पताल अंबिकापुर में कार्यरत है। वह 5 महा पूर्व ही 150 सीसी की बाइक खरीदी थी। 7 जून को ड्यूटी खत्म कर शाम 7 बजे कलाकेन्द्र मैदान मेला देखने गया था। वह बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 9711 को कलाकेन्द्र मैदान के सामने खड़ा किया था। कुछ देर बाद मेला देखकर वापस लौटा तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। शेखर ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


# हजरत जामाशाह बाबा के दरगाह में शानदार कव्वाली के साथ उर्स का हुआ समापन




- संवाददाता -
लखनपुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड के ग्राम बंधा जुनाडीह स्थित हजरत जामा शाह बाबा के दरगाह में 8 और 9 जून को शालाना उर्स का आयोजन किया गया था। पहले दिन चादरपोशी दुसरे दिन रविवार की रात कव्वाल अब्दुल हबीब अजमेरी कव्वाली करिश्मा तक ने मन्क़बत और गजल देश भक्ति गीतो से समा बांधा रात भर लोग घूमते नजर आए सलातो सलाम के साथ सोमवार की सुबह उर्स का समापन हुआ। उर्स कमेटी अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंहदेव के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की भर्ती इस वर्ष भी हजरत जामाशाह बाबा रह. अलैह की दरगाह में सालाना उर्स का आयोजन किया गया था जहां अतिथि के रूप में कांग्रेस नेत्री शशि सिंह ,कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, इस्लाम ख़ान, बीजेपी ओबीसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल,वीरेंद्र सिंह देव दिनेश तायल, रमेश जयसवाल दिनेश बारी, असफाक खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों ने हजरत जामाशाह बाबा की दरगाह में चादर चढ़ा देश में आपसी भाईचारा और अमन चैन के लिए दुआ मांगी। कमेटी के सदस्यों द्वारा अतिथियों को साफा पहना बैच लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा रिबन काट कव्वाली प्रोग्राम का शुभारंभ किया। उर्श कमेटी अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंहदेव ने उपस्थित लोगो को संबोधित किया। नागपुर से आए कव्वाल अब्दुल हबीब अजमेरी कव्वाला करिश्मा ताज ने देश भक्ति, मन्क़बत कलाम व गजल से समा बांधा रात भर लोग झूमते रहे। सोमवार की सुबह सलातो सलाम के बाद सालाना उर्फ का समापन किया गया।उर्स के मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न समुदाय के लोग बाबा के दरगाह में पहुंच मानता मांग चादर चढ़ाई और रात भर कव्वाली का लुफ्त उठाएं। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल छपे छपे पर तैनात रहा पुलिस की सक्रियता से यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उर्स कमेटी ने शांतिपूर्ण ढंग से शालाना उर्स संपन्न कराने प्रशासन का आभार जाताया है। इस दौरान कमेटी के सदस्य शराफत अली, मोजिब खान, इरशाद खान, असलम अली, अमजद अली, जानिसार अख्तर, इमरान ख़ान, इस्तेयाक अली, शोबारक ख़ानअन्य सदस्य सक्रिय रहे।

## बेटे का इलाज कराने गए सेवानिवृत कर्मचारी के सूने मकान से नगदी सहित जेवरात पार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

सेवानिवृत कर्मचारी के सूने मकान में चोरी की घटना सामने आई है। सेवानिवृत कर्मचारी अपने बेटे का इलाज कराने सपरिवार हैदराबाद गया था। वह हैदराबाद पहुंचा भी नहीं था कि इधर चोरों ने घर का ताला तोडक़र डेढ़ लाख रुपए नकदी सहित सोने-चांदी का जेवरात पार कर दिया है। कुल चोरी ढाई से तीन लाख रुपए की बताई जा राही है। रिश्तेदारों ने चोरी की घटना की शिकायत मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मो. हुसैन दर्रीपारा का रहने वाला है। वह सिंचाई विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी है। वह 7 जून को घर में ताला बंद कर अपने बेटे दानिश का इलाज कराने सपरिवार रांची होते हुए हैदराबाद जाने निकला था। लोग हैदराबाद पहुंचे भी नहीं थे कि इधर चोरों ने सूने मकान का ताला तोडक़र चोरी की घटना को अंजाम दी है। चोरों ने कमरे के अंदर अलमारी का लॉक तोडक़र डेढ़ लाख रुपए नगदी व सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया है। कुल चोरी लगभग ढाई से तीन लाख रुपए की बताई जा रही है। मो. हुसैन घर की देखरेख की जिम्मेदारी पड़ोस में रहने वाले दोस्त शाहीद हुसौन को देकर गया था। सोमवार की सुबह शाहीद की पत्नी सहेला खातून हुसैन के घर में लगे पौधों को पानी पटाने गई तो घर का ताला टूटा था। वह तत्काल घटना की जानकारी मोबाइल से हुसैन को दी। हुसैन ने कमरे के अंदर जाकर देखने को बाला तो सभी कमरे सुरक्षित थे। जिस कमरे में अलमारी था उसका ताला टूटा था और अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। घर में चोरी की जानकारी मिलने पर हुसैन ने दोस्ती व उसकी पत्नी को अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपए नकदी व जेवारता देखने के लिए बोल तो गायब थे। जिसे चोरों द्वारा चोरी करने की आशंका जताई जा रही है। महिला की शिकायत पर मणिपुर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निधन

### योगेश नामदेव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।



शहर के नेहरू वार्ड निवासी योगेश नामदेव उर्फ तन्नू (28) का रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार की रात निधन हो गया। ये पिछले कुछ दिन से अस्वस्थ चल रहे थे। इनका अंतिम संस्कार सोमवार को शंकर घाट स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि छोटे भाई सूरज नामदेव ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## आकाशीय बिजली गिरने से पैरावट में लगी आग, बाल-बाल बचे ग्रामीण

- संवाददाता -
लखनपुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

विकासखंड के सुदूर वनाचंल ग्राम पटकुरा कुकुर टांगा में सोमवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से पैरावट में आग लग गई। वहीं ग्रामीण बाल बाल बचे अब तक जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। विदित हो की शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से ढोडी में पानी लेने गए ग्रामीण की मौत हो गई थीं। मिली जानकारी के मुताबिक पटकुरा कुकुर टांगा निवासि तेजा उरांव अपनी मवेशियों के लिए पैरावट के रूप में चारा इकट्ठा करके बाड़ी में रखा हुआ था। 10 जून विश्व सोमवार के शाम लगभग 4ः00 बजे आकाशीय बिजली गिरने से पैदावाट में आग लग गई जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पैरा जलकर खाक हो चुका था। ग्रामीण के सामने मवेशियों के लिए चारा की समस्या उत्पन्न हो गई है ग्रामीण ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है ताकि वह मवेशियों के लिए चारा की व्यवस्था कर सके।

## प्रताडऩा की दंश झेल रही महिला ने की आत्महत्या

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।

प्रताडऩा की दंश झेल रही महिला ने कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या कर ली। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



जानकारी के अनुसार ममता गुप्ता पति विनोद गुप्ता (28) पिछले 5 साल सूरजपुर जिले के झिलमिली थाना क्षेत्र के ग्राम सत्यनगर में मायके में रह रही थी। इसकी शादी वर्ष 2017 में ओड़िशा निवासी विनोद गुप्ता से हुई थी। शादी के दो साल बाद से उसे पति व ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इसकी एक बेटी भी है। बेटी को लेकर भी पति व ससुराल वालों द्वारा ताना मारा जा रहा था। इससे परेशान होकर महिला पांच साल से मायके में रह रही थी। वह मामला व्यवहार न्यायालय में चल रहा था। महिला पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान रहती थी। इस बीच वह 4 जून को कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# विश्व कप में हार के बाद शहबाज शरीफ को याद आए मोदी



### नतीजों के पांच दिन बाद दी सत्ता में वापसी की बधाई

**इस्लामाबाद, 10 जून 2024।** नौ जून का दिन भारत और भारतवासियों के लिए काफी ऐतिहासिक रहा। इस दिन लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के पद के लिए शपथ ली। ये भव्य शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था। इस दौरान पीएम मोदी के साथ-साथ कई कैबिनेट और राज्य मंत्रियों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहीं, दूसरी तरफ भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप मैच में पाकिस्तान को हरा दिया। इन सबके बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को याद आ गया कि नरेंद्र मोदी को पीएम बनने की बधाई देनी हैं।

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हालांकि, शहबाज ने नतीजों के पांच दिन बाद सत्ता में वापसी की बधाई दी, जिस पर कई सवाल खड़े हो गए।

### भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देना जल्दबाजी होगी

शपथ ग्रहण समारोह से पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा था कि पाकिस्तान भारत समेत अपने सभी पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध चाहता है। हम बातचीत के जरिए विवादों को सुलझाना चाहते हैं। बलोच से पूछा गया था कि क्या पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है? इसपर उन्होंने कहा था, भारत के लोगों को अधिकार है कि वे किसे अपना नेता चुनते हैं। हमें उनकी चुनावी प्रक्रिया पर कोई बात नहीं करनी है। अभी नई सरकार ने आधिकारिक तौर पर शपथ नहीं ली है। इसलिए भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी।

बलोच ने कहा था, पाकिस्तान ने हमेशा भारत समेत अपने सभी पड़ोसियों के साथ सहयोगात्मक संबंध चाहा है। हमने जम्मू-कश्मीर के मुख्य विवाद समेत सभी लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए लगातार रचनात्मक बातचीत की वकालत की है।

### नेपाल के पीएम ने भी दी बधाई

इससे पहले, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सोशल मीडिया पर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए शुभकामनाएं दी। नेपाली पीएम ने लिखा था कि %मैंने भारत के प्रधानमंत्री को लगातार तीसरे कार्यकाल की बधाई दी। हमने नेपाल और भारत के संबंधों को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में हमारे भारत के साथ संबंध और मजबूत और समृद्ध होंगे।

### 2024 का लुक रहा खास

गौरतलब है, शपथ ग्रहण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के बाद दूसरे नंबर पर राजनाथ सिंह ने शपथ ली। इसके बाद अमित शाह, गडकरी और शिवराज सिंह चौहान समेत कुल 30 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। वैसे तो समारोह में होने वाले मंत्रीगण से लेकर सभी पारंपरिक परिधानों में दिखाई दे रहे थे, लेकिन हर किसी की नजर पीएम मोदी पर भी। दरअसल, पीएम मोदी का इस बार का लुक पिछले दो बार के लुक से काफी अलग था। आइए आपको बताते हैं कि उनका लुक अलग क्यों था ?

## राष्ट्रपति बाइडन का फ्रांस दौरा पूरा,अमेरिकी समर स्मारक पहुंचकर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



**पेरिस, 10 जून 2024।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने फ्रांस की अपनी यात्रा का समापन अमेरिकी सैन्य स्मारक में श्रद्धांजलि देने के साथ किया। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस के दौरे के दौरान यहां की यात्रा नहीं की थी। अमेरिका वापस आने से पहले राष्ट्रपति बाइडन ने पेरिस के बाहर लगभग एक घंटे तक ऐसने-मार्ने अमेरिकी स्मारक में युद्ध में मारे गए अमेरिकी लोगों के सम्मान में रुके रहे। प्रथम विश्व युद्ध में अपनी जान गंवाने वाले 2,200 से अधिक अमेरिकी सैनिकों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, यह वही कहानी है। जर्मनों को रोकने के लिए अमेरिका सामने आया। अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए आगे आया कि वे प्रबल न हो। जरूरत के समय पर अमेरिका सामने आता है। यह ठीक वैसा ही है, जैसे हमारे सहयोगी हमारे लिए आते हैं।

**ट्रंप ने क्यों की थी स्मारक जाने की योजना रद्द**

बता दें कि 2018 के फ्रांस दौरे के दौरान तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्मारक जाने की योजना रद्द कर दी थी। इस निर्णय के लिए व्हाइट हाउस ने फ्रांस के मौसम को जिम्मेदार ठहराया था। रिपोर्टों में ऐसा बताया गया कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा कि वे वहां इसलिए नहीं जाना चाहते थे, क्योंकि वे मृत सैनिकों को हारे हुए के रूप में देखते हैं। हालांकि, ट्रंप ने इस बयान को नकार दिया है।

ट्रंप के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, ये सैनिक हिरो हैं। प्रत्येक अमेरिकी की तरह इन्होंने भी देश की सेवा की है।÷ बाइडन ने स्मारक पर ट्रंप के बरे में सीधे सवाल को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि का दौरा करना महत्वपूर्ण है। फ्रांस के दौरे पर बाइडन ने कहा, यह मेरी अबतक की सबसे उल्लेखनीय यात्रा है। गुरुवार को नॉर्मंडी वर्षगांठ समारोह में राष्ट्रपति बाइडन भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह एक सबक है, जिसे अमेरिका कभी नहीं भूलेगा। शुक्रवार को वह प्वाइंटे डु होक गए। यह तट पर एक स्थान है, जहां आर्मी रेंजर्स ने डी-डे पर नाजी रक्षा पर काबू पाने के लिए चट्टानों पर चढ़ाई की थी।

## उत्तर कोरिया का तानाशाह अब गंदगी फैलाने पर उतरा,फिर दक्षिण कोरिया भेजे कचरों से भरे गुब्बारे



**सियोल, 10 जून 2024।** परमाणु बम की धमकी देने वाला उत्तर कोरिया अब गंदी हरकत पर उतर आया है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के अंदर एक बार फिर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे भेजे हैं। यह हरकत ऐसे समय में की गई है, जब हाल ही में दक्षिण कोरिया में प्योंगयांग विरोधी कार्यकर्ताओं ने यह कहा था कि उन्होंने सीमा पार तानाशह किम जोंग उन के खिलाफ गुब्बारे के जरिए पर्चे भेजे हैं। बताया जा रहा है कि तानाशह किम जोंग उन ने जो कूड़ा भेजा है, उसमें सिगरेट के टुकड़ों से लेकर कार्डबोर्ड और प्लास्टिक के टुकड़े तक शामिल हैं।

### लोगों को किया अलर्ट

सियोल की सेना पहले से ही ऐसी हरकत को लेकर अलर्ट थी। इसी बीच, यह कचरे वाले गुब्बारे की खबर सामने आ गई। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया एक बार फिर दक्षिण कोरिया की ओर कचरा वाले गुब्बारे भेज रहा है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे किसी भी गुब्बारे की सूचना अधिकारियों को दें और उन्हें छूने से बचें। वहीं, सियोल प्रशासन के साथ-साथ ग्योंगगी प्रांत के अधिकारियों ने भी लोगों को गुब्बारों के प्रति अलर्ट किया।

## अदन की खाड़ी में नहीं थम रहे हमले

### हूती विद्रोहियों ने 24 घंटे में दो जहाजों को बनाया निशाना



**वॉशिंगटन, 10 जून 2024।** इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद यमन के हूती विद्रोही जहाजों को निशाना बना रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश खुले शब्दों में चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन हूती अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। एक बार फिर विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले कर दो वाणिज्यिक जहाजों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

### पिछले 24 घंटों में दो जहाजों को निशाना

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री नौवहन के खिलाफ मिलिशिया समूह के चल रहे अभियान के तहत पिछले 24 घंटों में दो जहाजों को निशाना बनाया है। जिन जहाजों को निशाना बनाया गया उनमें से एक का नाम तव्विशी था। स्विस के स्वामित्व वाले जहाज पर लाइबेरियाई झंडा लगा था। इस जहाज पर एंटी शिप बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया गया था। हालांकि, शुक्र रहा कि चालक दल को कोई चोट नहीं आई।

### इसे पर भी किया हमला

सेंटकॉम के अनुसार, हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई दो मिसाइलें जर्मन स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज नोर्डनी पर गिरीं। इस पर एंटीगुआ और बारबाडोस के झंडे लगे हुए थे। सेंटकॉम ने कहा कि जहाज को नुकसान पहुंचा। मगर चालक दल का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ। इससे पहले हूतियों ने दावा किया था कि उन्होंने नोर्डनी और तव्विशी पर हमला किया और बाद में आग के हवाले कर दिया था।

### अमेरिका को बना रहा निशाना

बता दें, गाजा में हो रहे इस्राइल हमलों से मध्यपूर्व बौखलाया हुआ है। मध्यपूर्व गाजा में हो रहे हमलों का कारण अमेरिका को मानता है। इसी वजह से हूती विद्रोही अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों के खिलाफ हमले कर रहे हैं। साथ ही कभी ईरान तो कभी जॉर्डन को कभी सीरिया में अमेरिकी सेना और अमेरिकी प्रतिष्ठानों पर हमले हो रहे हैं। हाल ही में तुर्किये में दो बंदूकधारी एक अमेरिकी कंपनी में घुस गए, उन्होंने कंपनी में मौजूद सात लोगों को को बंधक बना लिया था।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग लडक़ी से बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 10 जून 2024 (घटती-घटना)।

शादी का झांसा देकर नाबालिक से बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार विशाल रजक गांधीनगर थाना क्षेत्र के तुर्रापानी का रहने वाला है। दो वर्ष पूर्व इसकी जान पहचान एक नाबालिग लडक़ी से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल से बातचीत होता था। 17 अक्टूबर 2023 को विशाल नाबालिग लडक़ी को अपने घर ले जाकर शादी का झांसा देकर बलात्कार किया था। घटना दिनांक के पश्चात भी आरोपी पीड़िता को शादी का झांसा देकर बलात्कार करता रहा। इसके बाद वह शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी।

पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी विशाल रजक के खिलाफ धारा 376 (2-ढ ), 376(3), पोक्सो एक्ट की धारा 6, एवं एसटी, एससी एक्ट की धारा 3(2)(1), 3 (1) (डब्लू) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। संपूर्ण कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, उप निरीक्षक रश्मि सिंह,महिला आरक्षक त्रिलोचनी राजवाड़े, प्रिया रानी जायसवाल, आरक्षक ऋषभ सिंह, उमाशंकर साहू, बृजेश राय शामिल रहे।



## सीमा हैदर के बच्चों को वापस लाने की मांग,पाकिस्तान के बाल अधिकार निकाय ने शहबाज सरकार से लगाई गुहार

**इस्लामाबाद, 10 जून 2024।** पाकिस्तान के बाल अधिकार निकाय ने सीमा हैदर के चार बच्चों को तत्काल वापस लाने की मांग की है। इसको लेकर निकाय ने देश के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है। सीमा अपने प्रेमी सचिन मीणा से शादी करने के लिए चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आई थी। मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई।



पबजी मोबाइल के जरिए हुई दोस्ती एआरवाई न्यूज की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग (एनसीआरसी) ने सीमा हैदर के बच्चों की सुरक्षित वापसी की मांग की है। सीमा (27 वर्षीय) का पति गुलाम हैदर अभी पाकिस्तान में है।सीमा ने सचिन से शादी करने के लिए चार बच्चों के साथ भारत में प्रवेश किया था। उनकी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पबजी मोबाइल के जरिए दोस्ती हुई थी।

### सीमा-सचिन को भेजा गया था जेल

सीमा पिछले साल मई में नेपाल के रास्ते सचिन के साथ अवैध रूप से भारत में आई थी। इसके बाद दोनों ग्रेटर नोएडा में साथ रहने लगे। हालांकि, सीमा को 4 जुलाई 2023 को बिना वीजा के भारत में प्रवेश करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। जबकि सचिन को अवैध अप्रवासियों को शरण देने के लिए सलाखों के पीछे रखा गया था। बाद में दोनों को रिहा कर दिया गया।

भारत के विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि मामले की जांच चल रही है। सीमा को अदालत के सामने पेश किया गया था, जहां से उसे जमानत दे दी गई थी।

## कलाकेन्द्र मैदान के सामने से बाइक चोरी,जुर्म दर्ज

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 10 जून 2024 (घटती-घटना)।

जिला अस्पताल के कर्मचारी की बाइक अज्ञात चोर ने 7 जून की शाम को कलाकेन्द्र मैदान के बाहर से पार कर दी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शेखर गाईन बलरामपुर जिले का रहने वाला है और जिला अस्पताल अंबिकापुर में कार्यरत है। वह 5 महा पूर्व ही 150 सीसी की बाइक खरीदी थी। 7 जून को ड्यूटी खत्म कर शाम 7 बजे कलाकेन्द्र मैदान मेला देखने गया था। वह बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 9711 को कलाकेन्द्र मैदान के सामने खड़ा किया था। कुछ देर बाद मेला देखकर वापस लौटा तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। शेखर ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बड़वार में हजरत बाबा शहीदे मिल्लत एनायत हुसैन व महबूब अली शाह रहमतुल्लाह अलैह के तीन दिवसीय सालाना उर्स का समापन

» मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद

» प्रतापपुर ब्लॉक के इस गांव में तीस साल से ज्यादा समय से होता है उर्स का आयोजन

– संवाददाता –
प्रतापपुर, 10 जून 2024 (घटती-घटना)।






प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बडवार में सूफी संत हजरत बाबा शहीदे मिल्लत-एनायत हुसैन ङ्र व महबूब अली शाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार पाक में आयोजित सालाना तीन दिवसीय उर्स का भव्य समापन हुआ। उर्स के पहले दिन संदल चादर के साथ ग्राम वासियों ने गांव का भ्रमण करते हुए मजार शरीफ में पहुंचकर चादर चढ़ाई।मजार के मुजावर ने दुआ खैर की कि क्षेत्र सहित पूरे देश में आपसी सौहाद्र और शांति भाईचारा बना रहे।देर रात बाहर से आए उलमाओं ने तकरीर प्रस्तुत की।दुसरे और तीसरे दिन कव्वाल इम्तियाज साबरी उत्तर प्रदेश बिजनौर कव्वाल गुलनाज साबरी आगरा उत्तर प्रदेश के बीच शानदार मुकाबला कव्वाली की शुरुआत हुई।अंतिम दिन रविवार को देर रात तक कव्वाली का आयोजन हुआ।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सफी अहमद उपस्थित थे जिन्होंने सबसे पहले कव्वालों का सम्मान किया और अन्य अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट किए।इस दौरान उन्होंने कहा कि बडवार में वर्षों से बाबा के मजार में मनाया जाने वाला उर्स गंगा-जमुनी तहजीब की बेजोड़ मिशाल है। प्रतिवर्ष सभी समुदाय के लोग पूरी आस्था के साथ बाबा के मजार में आते हैं। उन्होंने कहा कि सरगुजा की परंपरा रही है कि यहां सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर हर त्योहार मनाते आ रहे हैं और मनाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सबसे बड़ी चीज है शिक्षा शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है शिक्षित व्यक्ति ही हर जगह कामयाब होता है।इस दौरान उर्स कमेटी के अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष प्रतापपुर जगत लाल आयाम ने कहा कि मैं उर्स कमेटी और सभी कमेटी के मेंबरों को बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस आयोजन में मुझे पुरुष कमेटी के अध्यक्ष के रूप में मुझे पसंद किया ग्राम बडवार में होने वाला सालाना उर्स एकता और भाईचारा की मिसाल है, इस भाईचारे को हमें हमेशा कायम रखना है।इस गांव से मेरा विशेष लगाव है मैंने अपने जीवन की शुरुआत शिक्षक के रूप में इसी गांव से की है और राजनीति के क्षेत्र में भी इस क्षेत्र से पिछले कई वर्षों से जनपद सदस्य फिर जनपद अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहा हूं इस एकता और भाईचारे को हमेशा बरकरार रखना है कार्यक्रम में गेम रेंजर अजय सोनी सरपंच हिरमनियां शिवकुमार सोनपाकर सदर याकुब खान मधुर अंसारी उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव नयाब सदर मुस्तकीम अंसारी साबिर महबूब अयूब खान सहित अन्य उपस्थित थे.

# सूदखोर राजू खान की कब होगी गिरफ्तारी?

## कई मामलों में है राजू खान के विरुद्ध अपराध दर्ज

### आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी राजू खान चल रहा है फरार,गिरफ्तारी से पहले ही मिलती है उसे सूचना:सूत्र

### आखिर कौन है पुलिस विभाग में राजू खान का मुखबिर जो देता है कार्यवाही से पहले उसे सूचना और वह हो जाता है फरार?



**राजू खान से कई एसईसीएल कर्मचारी हैं प्रताड़ित,ब्याज के नाम पर करता है अधिक पैसे की वसूली**


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर ,रविवार 02 जून 2024 | 6

सूदखोर राजा खान के चंगुल में कई एसईसीएल कर्मचारी

सूदखोरी के कई मामले राजा खान पर पहले से हैं दर्ज

- पुलिस में आखिर कौन कर्मचारी है जो राजा खान को उसकी गिरफ्तारी की दे देता है जानकारी...जिससे वह हो जाता है एफआईआर से पहले फरार?
- लाखों रुपए पाने वाले एसईसीएल कर्मचारी राजा खान की वजह से दाने-दाने को है मोहताज...
- आधा दर्जन से ज्यादा मामले राजा खान पर सूदखोरी के दर्ज...
- राजा खान की तलाश में कोरिया पुलिस...चरचा,बैकुंठपुर,पांडवपारा के एसईसीएल कर्मचारियों की तनख्वाह पहुंचती है... राजा खान के पास...



पुलिस विभाग के कर्मचारी भी राजा खान के साथ है मिले हुए

एक चर्चित प्रधान आरक्षक का भी है राजा खान के साथ संपर्क

एक बार राजा खान की गिरफ्तारी तो हुई थी पर पुलिस विज्ञप्ति के दौरान उसकी फोटो नहीं खींची गई थी...

राजा खान पर कड़ी कार्रवाई की उठ रही मांग

**-रवि सिंह-**
**कोरिया,10 जून 2024 (घटती-घटना)।**
कोरिया जिले में सूदखोरी का कारोबार लंबे समय से चलता आ रहा है और यह कारोबार एसईसीएल क्षेत्र में ज्यादा चलता देखा जाता था और जो आज भी जारी है। पहले कर्मचारी ज्यादा थे तो सूदखोरी का धंधा करने वाले भी ज्यादा थे अब कर्मचारी कम हैं तब भी धंधा यह जारी है वहीं सूदखोर भी कम हो गए हैं। सूदखोर कम जरूर हो गए हैं लेकिन जीतने भी सूदखोर हैं जिले में उनका आतंक कम नही हुआ है। कोरिया जिले में ऐसा ही एक नाम है राजू खान का जिसके ऊपर आधा दर्जन के लगभग अपराध दर्ज है लेकिन वह कार्यवाही से पहले फरार हो जाता है।

बता दें की वह जिले के एसईसीएल कर्मचारियों को पहले ब्याज पर पैसा देता है फिर वह मनमुताबिक उनका वेतन उपयोग करता है।बताया जाता है की राजू खान के गिरफ्त में फंस चुके ऐसे लोग जो उससे ब्याज पर पैसे ले चुके हैं वह अपने कमाई का उपयोग राजू खान के अनुसार कर पाते हैं,महीने का मिलने वाला वेतन राजू खान बैंक से निकालता है ब्याज पर पैसे लेने वाले लोगों का चेक बुक और उनका एटीएम राजू खान ही रखता है और जब वेतन आता है वह पैसा बैंक से निकाल लेता है और वह अपने मुताबिक पैसा उन्हे देता है जो उसके कर्जदार हैं। मूलधन से ज्यादा ब्याज चुका देने के बावजूद भी राजू खान का दिया हुआ कर्ज आज भी लोगों के सर पर खड़ा है और प्रतिदिन वह दुगुना तिगुना स्वरूप ले रहा है। बताया जाता है की कई लोग कई गुना पैसा चुकाने के बाद भी जब अपना एटीएम या चेकबुक वापस मांगते है उन्हे वह वापस नहीं मिलता वहीं उसकी जगह धमकी मिलती है। राजू खान के विरुद्ध जितने भी अपराध दर्ज हैं वह सभी सूदखोरी के दर्ज हैं और जिनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। लोग उसके चंगुल में फंसकर बर्बाद हो जा रहे हैं और वहीं राजू खान इन सबके बीच मजे से अपना धंधा चला रहा है उसे किसी की बरबादी से कोई सरोकार नहीं है। राजू खान एक ऐसा सूदखोर है जिले है जिसका धंधा जिले के सभी एसईसीएल क्षेत्र में संचालित है और वह सभी कालरी क्षेत्र में अपना धंधा बेधड़क संचालित कर रहा है। राजू खान को लेकर सूत्रों का यह भी दावा है की उसको पुलिस विभाग में एक गुप्तचर मिल चुका है जो उसका सहयोग भी करता है और उसके विरुद्ध कार्यवाही या शिकायत होने की स्थिति में वह कार्यवाही से पूर्व उसे सूचना भी दे देता है। पुलिस विभाग में कार्यवाही की सूचना देने वाला उसका सहयोगी कौन है यह जानकारी पुलिस को भी लगानी चाहिए क्योंकि कई मामलों में वह अपराधी है और फिलहाल वह फरार है। राजू खान जिले की कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौती दे रहा है और वह निडर होकर धंधा चला रहा है। राजू खान से चंगुल में फंसे लोग दाने दाने के मोहताज हो चुके हैं। वह जब परेशान होकर कानून की मदद मांगने पहुंचते हैं उन्हे न्याय इसलिए नहीं मिल पाता क्योंकि राजू खान का गुप्तचर बनकर पुलिस विभाग की सूचना उसे देने वाला उसे सूचना देकर सतर्क कर देता है। अब जब राजू खान का आतंक लगातार जिले में बढ़ रहा है देखना यह है की क्या नए पुलिस अधीक्षक उसका धंधा बंद करा पाते हैं? लोगों को उसके चंगुल से बचा पाते हैं। वैसे पिछ्ले जितने भी अधिकारी आए उन्होंने राजू खान के मामले में ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई गंभीरता नहीं दिखाई जिस वजह से वह आज इस स्थिति में पहुंच चुका है की वह लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है वह भी उनका जो उससे कर्ज लेकर कुछ जरूरत पूरी कभी किए हैं और वह उससे कई गुना ज्यादा लौटा चुके हैं।

### एक बार राजू खान की गिरफ्तारी तो हुई थी पर पुलिस विज्ञप्ति के दौरान उसकी फोटो नहीं खींची गई थी

सूदखोरी का धंधा कानून के लिए अवैध कारोबार की ही श्रेणी का व्यवसाय है और इसमें संलिप्त व्यक्ति पर कार्यवाही पुलिस की प्राथमिकता होती है और प्रायः कार्यवाही होती भी है। सूदखोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को कोई सहूलियत या कोई रियायत भी नहीं प्रदान किया जाता है पुलिस द्वारा यह भी देखा गया है लेकिन राजु खान के मामले मे देखने को मिला है की उसके साथ अन्य सूदखोरों की अपेक्षा अलग व्यवहार जिले की पुलिस करती है जिसका उदाहरण तब देखने को मिला था जब एक मामले में गिरफ्तार किए जाने पर जब प्रेस के समक्ष सूदखोरों को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही थी तब कई सूदखोरों को भी प्रेस के सामने तस्वीर खींचने के लिए लाया गया था लेकिन उसी मामले में उसी दिन गिरफ्त में आए राजु खान को प्रेस के समाने तस्वीर के लिए प्रस्तुत नही किया गया था। राजा खान को लेकर रियायत का प्रावधान जिले के पुलिस विभाग में क्यों जारी है इसको लेकर कई सवाल खड़े होते रहे हैं।

### राजू खान पर कड़ी कार्रवाई की उठ रही मांग

राजु खान का सूदखोरी का व्यवसाय काफी बड़े स्तर पर संचालित है।बताया जाता है की कई लोगों के महीने भर की कमाई का कितना उसके परिवार के जीवन यापन के लिए प्रदान किया जाना है यह राजु खान की तय करता है। एसईसीएल के कई कर्मचारियों के महीने भर की कमाई हर माह राजु खान के पास जमा होने के बाद भी उसका मूलधन आज भी खड़ा है कर्जदार के विरुद्ध जबकि बताया जा रहा है की कइयों के द्वारा मूलधन से तीन गुना चार गुना भुगतान कर दिया गया है। राजु खान का ब्याज खत्म होता ही नहीं यह भी बताया जा रहा है और कई लोग उससे अब प्रताड़ित हैं। राजू खान पर कड़ी कार्यवाही हो और राजु खान के चंगुल से लोग बच सकें यह मांग अब जोर पकड़ने लगी है। अब देखना है की पुलिस क्या कार्यवाही करती है और किस तरह से राजा खान के चंगुल से लोगों को बचाती है।

### राजू खान पर दर्ज अपराध का विवरण

राजू खान पर पहला अपराध 2017 में दर्ज हुआ था जिसका अपराध क्रमांक 22/17 दिनांक 13.10.17 धारा 394, 397, 34 - द.वि, दूसरा अपराध क्रमांक 148/23 दिनांक 10.09.23 धारा 384,341,294,506,34 भा.द.वि,छ.ग.ऋणियों का संरक्षण 1937 की धारा 4,5, तीसरा अपराध क्रमांक 13/24 धारा 386,294,506,34 भा.द.वि., छ.ग.ऋणियों का संरक्षण धिनियम 1937 की धारा 4,5, चौथा अपराध क्रमांक 170/24 420,294,506,35 भा.द.वि.,छ.ग.ऋ णियों का संरक्षण पनियम 1937 की धारा 4,st/sc एक्ट की धारा 3(2) क, पांचवा अपराध क्रमांक 89/08 दिनांक 30.03.08 धारा 13 जुआ के तहत दर्ज है।

### पुलिस विभाग के कर्मचारी भी राजू खान के साथ है मिले हुए

सूत्र बताते है की राजु खान का सूदखोरी का व्यवसाय काफी बड़े स्तर पर संचालित है और उसके चंगुल में सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। राजु खान अपने सूदखोरी के व्यवसाय संचालन के लिए पुलिस विभाग में भी अपना संपर्क बना कर रखे हैं और पुलिस विभाग के कर्मचारी भी उनके सहियोगी हैं उनके व्यवसाय में। बता दें की जब जब राजा खान पर पुलिसिया कार्यवाही की बात सामने आती है कोई शिकायत सामने आती है उसकी भनक शिकायत से पहले ही राजा खान को लग जाती है और वह फरार हो जाता है या फिर वह अपने बचाव के प्रयास में लग जाता है। कुल मिलाकर राजा खान का पुलिस विभाग में कोई सहयोगी जरूर है जो उसकी मदद उसे जानकारी प्रदान कर करता है।

### एक चर्चित प्रधान आरक्षक का भी है राजू खान के साथ था संपर्क

सूत्रों का यह भी कहना है की कोरिया जिले के एक चर्चित प्रधान आरक्षक का भी राजा खान के साथ संपर्क है ऐसा बताया जाता है। बताया जा रहा है की कोरिया जिले का उक्त चर्चित प्रधान आरक्षक जिले के अवैध कारोबारियों का सबसे बड़ा मददगार है। उक्त प्रधान आरक्षक का कार्य ही है की वह अवैध कारोबारियों की मदद करता है और उसके एवज में वह अपना भी हिस्सा प्राप्त करता है। उक्त प्रधान आरक्षक को लेकर कई शिकायतें भी हैं पुलिस के पास लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती मामले में क्योंकि उससे विभाग की ही छवि धूमिल होगी वहीं उक्त प्रधान आरक्षक की सबसे बड़ी विशेषता है की वह उच्च अधिकारियों को वश में करना जानता है और सभी की कमजोरी वह अपने हिसाब से उपयोग करता है उन पर दबाव बनाने में यह वह खुद कहते सुना जाता है। अभी माइक दो के करीबी बने हुए है।




## 21 जून तक ग्रामीण आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आंमत्रित

**-संवाददाता-**
**सूरजपुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।**
ग्रामीण क्षेत्र आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 01 पद रिक्त है। आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्त किये जाने हेतु पात्रताधारी पात्रताधारी महिला उम्मीदवारों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना सिलफिली के कार्यालय में 07 से 21 जून तक शाम 05.30 बजे तक आमंत्रित किया जाना है। आवेदन पत्र स्वयं, प्रतिनिधि भेजकर, डाक से भेजकर जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदिका ग्राम पंचायत मदनपुर के आंगनबाड़ी केंद्र मदनपुर बंगालीपारा के लिये इच्छुक आवेदिका रिक्त पद पर आवेदन कर सकते हैं।

## 21 जून से समाधान शिविर का होगा आयोजन

**-संवाददाता-**
**सूरजपुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।**
जिला अंतर्गत समस्त जनपद पंचायतों में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण तथा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ''समाधान शिविर'' का आयोजन 21 जून से 06 सितम्बर तक किया जाएगा। ''समाधान शिविर'' के माध्यम से समस्त विभाग के जिला / ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शिविर स्थल पर उपस्थित होकर संबंधित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ विभागीय स्टॉल के माध्यम से शिविर स्थल पर ऑन स्पॉट डिलिवरी योग्य सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेंगे। समस्त जिलाधिकारी शिविर के दिन शिविर स्थल पर आवश्यक तैयारी तथा विभागीय जानकारी सहित सुनिश्चित करेंगे।

जिला स्तरीय समाधान शिविर समय सारणी के अंतर्गत 21 जून दिन शुक्रवार जनपद पंचायत प्रेमनगर में शिविर स्थल ग्राम पंचायत महेशपुर, 05 जुलाई दिन शुक्रवार जनपद पंचायत सूरजपुर में ग्राम पंचायत पाठकपुर, 19 जुलाई दिन शुक्रवार जनपद पंचायत रामानुजनगर में शिविर स्थल ग्राम पंचायत गणेशपुर, 02 अगस्त दिन शुक्रवार जनपद पंचायत प्रतापपुर में शिविर स्थल ग्राम पंचायत जजावल, 16 अगस्त दिन शुक्रवार जनपद पंचायत भैयाथान में शिविर स्थल ग्राम पंचायत बरपारा एवं 06 सितम्बर दिन शुक्रवार जनपद पंचायत ओड़गी में शिविर स्थल ग्राम पंचायत छतरंग में शिविर का आयोजन होगा।

# अधिकारी कार्यालयीन रूटिंग कार्य पर करें फोकस:कलेक्टर

### बरसात के पूर्व सभी रुके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कर, निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश

### आगामी खरीफ फसल के मद्देनजर सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज़ की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश

**ग्रामीण सचिवालय में नोडल अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य**



**-संवाददाता-**
**सूरजपुर,10 जून 2024 (घटती-घटना)।**
आदर्श आचार संहिता समाप्ति के पश्चात आज समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में ली गई। बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने उपस्थित अधिकारियों को कार्यालयीन रूटीन कार्य पर ध्यान देने, जनसमस्या एवं जन शिकायत के लंबित प्रकरणों को तत्परतापूर्वक निराकरण करने हेतु निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने शासन की मंशा अनुरूप निर्वाचन अवधि में प्रभावित कार्यो को तीव्र गति से संपादित करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी हितग्राही मूलक योजनाओं पर फोकस करें और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना से जोड़ें। बरसात के पूर्व सभी रुके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कर, निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिये गए ।
कलेक्टर ने आगामी खरीफ फसल के मद्देनजर सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज़ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही सभी एसडीएम को लगातार मॉनिटरिंग करने और किसान बंधुओं के साथ सतत संपर्क रखने के लिए कहा ताकि वास्तविक वस्तु स्थिति पर नजर रखी जा सके। बैठक में ग्रामीण सचिवालय में नोडल अधिकारी की अनिवार्य उपस्थिति को लेकर निर्देशित किया गया। इसके साथ ही श्री रामलला दर्शन के लिये चिन्हित तीर्थ-यात्रियों को लेकर भी चर्चा की गई, जिसके अंतर्गत चिन्हित तीर्थ-यात्रियों का पुनः स्वास्थ्य परीक्षण हेतु तथा ब्लड ग्रुप की जानकारी एकत्र करने के लिए कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बैठक में समय-सीमा व अन्य लंबित प्रकरणों पर विभागवार चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## राजस्व अधिकारियों की बैठक में प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं को ध्यान से सुनने के साथ इसका निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने सीमांकन, डायवर्सन, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



CMYK

# क्या स्वास्थ्य मंत्री को गलती का हुआ एहसास...हुआ लचीला...

## राष्ट्रीय सचिव के सामने हाथ जोड़कर आखिर क्यों झुकते हुए खुद की तस्वीर पोस्ट की सोशल मीडिया में ?

### क्या स्वास्थ्य मंत्री को अपने मंत्री पद जाने का सता रहा खतरा इसलिए जोड़ रहे राष्ट्रीय सचिव के सामने हांथ ?

### स्वास्थ्य मंत्री काफी देर हांथ जोड़कर खड़े रहे और नए कैबिनेट मंत्री तोखन साहू कुछ बोलते रहे राष्ट्रीय सचिव से





**-रवि सिंह-**
**एमसीबी,10 जून 2024**
**(घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव के संपन्न होने उपरांत देश की नई सरकार का भी गठन हो गया वहीं प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया। 400 पार का नारा लेकर लोकसभा चुनाव में कूदने वाली भाजपा सहित उसके गठबंधन के दल भले ही आंकड़े से काफी दूर रह गए लक्ष्य से काफी दूर रह गए लेकिन सरकार एनडीए की ही बन गई जो उनके लिए संतोषप्रद रहा। लोकसभा चुनाव के दौरान एनडीए गठबंधन में सबसे ज्यादा सीटों पर भाजपा ही चुनाव लड़ रही थी वह भी वह इसलिए ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही थी क्योंकि कई राज्यों में उसकी सरकार है और भाजपा को यह उम्मीद थी की वहां उसे बड़ी सफलता मिलेगी क्योंकि भाजपा ने राज्यों में जो मंत्रीमंडल बनाया था वह इसी हिसाब से लोकसभा चुनाव को देखते हुए बनाया गया था की जब लोकसभा चुनाव हों भाजपा को राज्य सरकार में शामिल किए गए मंत्रियों के कार्यकाल और उनके प्रभाव का फायदा हो वहीं उनके वर्ग समुदाय का भी चुनाव में भाजपा को समर्थन मिल सके।

भाजपा को कई राज्यों से एकतरफा समर्थन मिला जहां उसकी सरकार थी वहीं कई जगह भाजपा को अच्छी सफलता मिली जिसमे एक से लेकर कई सीटों का नुकसान हुआ लेकिन कई राज्यों में सरकार होने के बावजूद भी फायदा नहीं मिला और कई सीटों पर मंत्रियों का प्रभाव अपने ही विधानसभा में कम देखा गया जिससे प्रत्याशी हार गए। ऐसी ही एक लोकसभा सीट थी कोरबा लोकसभा सीट जहां से भाजपा ने अपनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को मौका दिया था और उनके लिए लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी विधायकों को और उनमें से ही मंत्री बनाए गए विधायकों को यह कहते हुए जिम्मेदारी दी थी की यह सीट और प्रत्याशी किसी भी हाल में जीत दर्ज कर सके यह सभी प्रयास करें। वैसे सभी जगह का फार्मूला यही था। प्रदेश में 11 लोकसभा सीट हैं छत्तीसगढ़ में वहीं 11 में से भाजपा ने 10 सीटों पर कब्जा भी कर लिया है केवल कोरबा लोकसभा सीट को छोड़कर जहां भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को काफी बड़े अंतर से हार का मुंह देखना पड़ा वह भी उन विधानसभाओं से जिन विधानसभाओं की जिम्मेदारी प्रदेश के ऊर्जावान स्वास्थ्य मंत्री के पास थी और जिन्हे काफी लोकप्रिय और क्षेत्र सहित संभाग में प्रभावशाली मानकर मंत्री बनाया गया था। खुद के विधानसभा से भी वह भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को बढ़त नहीं दिला सके और उनके सामने अविभाजित कोरिया जिले से ही इतना मत अंतर खड़ा हो गया की वही उनकी हार का कारण बन गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को चुनाव प्रचार के दौरान ही यह आभास हो गया था की उन्हे कोरिया एमसीबी जिले में वह सहयोग नहीं मिल पा रहा पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का जो उन्हे मिलना चाहिए इसीलिए उन्होंने खुद मोर्चा संभाला था और सबसे ज्यादा समय उन्होंने यहां दिया था।। बाबा बागेश्वर धाम सरकार की सभा और एक अन्य धर्मगुरु की सभा उन्होंने मनेंद्रगढ़ विधानसभा में कराया और मुख्यमंत्री की सभा भी कोरिया जिले में सम्पन्न हुई लेकिन वह फिर भी तीनों विधानसभा से हार गईं। बता दें की मनेंद्रगढ़ विधानसभा में बाबा बागेश्वर की कथा संपन्न हुई फिर भी वहां से भाजपा प्रत्याशी को बढ़त नहीं मिली जो खुद स्वास्थ्य मंत्री का क्षेत्र था। खैर भाजपा प्रत्याशी इतनी बड़ी हार नही मान रही थीं उन्हे जीत की उम्मीद थी जो संभव नहीं हो सकी फिर भी जब वह हार गईं वह सीधे दिल्ली पहुंची और अपनी नाराजगी उन्होंने जाहिर की ऐसा बताया जा रहा है।

> **Shyam Bihari Jaiswal**
> 4m ·
>
> आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री Vinod Tawde जी से आत्मीय मुलाकात की।
>
> इस अवसर पर नवनियुक्त केंद्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद श्री Tokhan Sahu जी, महासमुंद सांसद श्रीमती Rupkumari Choudhary जी, जांजगीर चांपा सांसद श्रीमती Kamlesh jangde जी उपस्थित रहे।

### क्या खुद पर गाज न गिरे पद कुर्सी बची रहे इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री काफी सिद्धत से लगे हुए हैं ?

बताया जा रहा है की यदि लोकसभा चुनाव में कोरबा लोकसभा सीट से सबसे खराब प्रदर्शन किसी का माना जा रहा है तो वह स्वास्थ्य मंत्री का माना जा रहा है क्योंकि उनका मंत्री बनना भी लोकसभा प्रत्याशी को नहीं जीत दिला सका क्योंकि उनका अल्प कार्यकाल ही इतना सुर्खियां बटोर चुका है की अब क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता कम होती जा रही है वहीं यह माना जा रहा है की यदि पार्टी ने कोरबा लोकसभा की हार की समीक्षा की तो सबसे पहली कार्यवाही स्वास्थ्य मंत्री पर ही होगी क्योंकि वह अपने क्षेत्र से भी लोकसभा प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सके। अब खुद पर गाज न गिरे पद कुर्सी बची रहे इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री काफी सिद्धत से लगे हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने हाल में ही एक तस्वीर सोशल मिडिया पर पोस्ट की है जिसमे वह राष्ट्रीय सचिव के सामने हांथ जोड़कर खड़े हैं वहीं नव नियुक्त केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू वहां खड़े है। बताया जा रहा है की स्वास्थ्य मंत्री की यह तस्वीर दिल्ली की है और वह शपथ ग्रहण के बाद की मुलाकात में शामिल हैं और अपनी कुर्सी बचाने मेल मुलाकात कर रहे हैं। बताया यह जा रहा है की हांथ जोड़ने के पीछे की वजह यह है की स्वास्थ्य मंत्री जानते हैं की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की नाराजगी यदि कायम रह गई उनके ऊपर गाज गिरना तय है इसलिए वह संगठन को अपने गिरफ्त में लेना चाहते हैं और इसलिए नतमस्तक नजर आ रहे हैं राष्ट्रीय सचिव के सामने।

### राष्ट्रीय सचिव के समाने हांथ जोड़कर क्या अभय दान की गुजारिश कर रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री ?

स्वास्थ्य मंत्री राष्ट्रीय सचिव से मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया में साझा कर रहे हैं,तस्वीर में वह हांथ जोड़कर नतमस्तक नजर आ रहे हैं। क्या वह अभय दान की गुजारिश कर रहे हैं यह सवाल भी अब खड़ा हो रहा है। नाराज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की क्रोध का उन्हे नुकसान न हो क्या वह इसलिए ही हांथ जोड़कर अपना पक्ष रख रहे हैं राष्ट्रीय सचिव के सामने यह भी सवाल उठ रहा है।बता दें की कोरबा लोकसभा की हार का कारण पार्टी तलाशेगी जरूर और उसकी समीक्षा भी होनी तय है। अब समीक्षा में स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी बचेगी या जायेगी यह वक्त आने वाला बताएगा।

### चार महीने में लोकप्रियता खोने वाले प्रदेश के पहले मंत्री बने स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के ऐसे मंत्री साबित हो चुके हैं लोकसभा चुनाव परिणाम उपरांत जिनकी लोकप्रियता चार महीने में ही इतनी नीचे गिर गई की अब उनके ही विधानसभा से भाजपा को हार का स्वाद चखना पड़ रहा है वहीं जिले से भी हार ही हिस्से आ रही है। लोकप्रियता घटने की वजह उनके इर्द गिर्द की टीम बताई जा रही है।प्रदेश के उन सभी चर्चित चेहरों से घिर चुके हैं स्वास्थ्य मंत्री जो आम लोगों को तवज्जो नहीं देते और अपने स्वार्थ पूर्ति में लगे रहते हैं।उनके सलाहकार हों या अन्य नियुक्त सहयोगी सभी का चिट्ठा खोला जाए तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे।बताया जा रहा है की क्षेत्र में पूर्व विधायक के समय से भी बुरी स्थिति है वर्तमान में।

## महापौर ने वार्ड में पानी की समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लेते हुए किया निराकरण



**-संवाददाता-**
**कोरबा,10 जून 2024**
**(घटती-घटना)।**

कोरबा जिले के दर्री क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 44 प्रेम नगर सहित आसपास के क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से व्याप्त पानी की समस्या से इस भयंकर गर्मी में वार्ड वाशी जूझ रहे थे, जिसे लेकर वार्ड वासियों ने अपनी समस्या को वार्ड पार्षद को बताया जिसपर वार्ड पार्षद ने इस गंभीर समय को लेकर महापौर को दी जानकारी । जिसपर तत्काल महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए निगम के अधिकारियों सहित प्रभावित क्षेत्र पहुंचे और उन्होंने पूरे वार्ड में पैदल भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुना एवं वार्ड में पानी की समस्या के संबंध में निगम के अधिकारियों से की चर्चा । महापौर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व नगर निगम के पाइप लाइन में मेजर फाल्ट आ जाने के कारण इन क्षेत्रों में पानी की समस्या उत्पन्न हुई थी,जिसे दूर कर लिया गया है एवं अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि अगर किसी कारणवश किसी क्षेत्र में पानी की सप्लाई नहीं होती है तो उस क्षेत्र में नगर निगम के पानी टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाए जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े ।


**कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल अंबिकापुर सरगुजा (छ0ग0)**

office ph N0-07774-236165 Email ID cj.ambikapur.cg.@gov. in fax No -07774-222497

क्रमांक- 1158 / उद्योग अंबिकापुर दिनांक-7 / 6 / 2024

**-::निविदा सूचना ::-**
**निविदा वर्ष 2024-25**

केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में काष्ठकला उद्योग ऑफसेट / स्क्रीन प्रिंटिग सिलाई उद्योग वाशिंग पाउडर उद्योग बांस शिल्प लौह उद्योग बुनाई उद्योग एवं मसाला उद्योग के लिए आवश्यक कच्चा माल औजार क्रय करने हेतु निविदायें सील बंद लिफाफे में दिनांक 11 / 07 / 2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यापारी निविदा फार्म निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी दिनांक 10 / 07 / 2024 तक शासकीय अवकाश को छोडकर किसी भी कार्य दिवस में प्रातः10:00 बजे से अपरान्ह 02:00बजे तक फर्म के लेटरपैड पर आवेदन एवं जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ रूपये 5000 / का भुगतान करने पर कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल अंबिकापुर से प्राप्त कर सकते हैं।एवं निविदा से संबंधित जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट jail.cg. gov.inजेल पर भी देखी जा सकती है।


निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 11/07/2024 को अपरान्ह 0:200 बजे तक।
निविदा फार्म की राशि रू.5000.00(रूपये पॉच हजार मात्र)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 11/07/2024 सुबह 10:00 से अपरान्ह 02:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि 11/07/2024अपरान्ह 04:00बजे ।
स्थान :-कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल अंबिकापुर सरगुजा (छ0ग0)

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल अंबिकापुर

जी-242500158/2


## अचानक झाड़ियों से निकलकर दंतैल हाथी के हमले से 50 वर्षीय महिला की मौत

### पति ने भागकर बचाई जान

**-संवाददाता-**
**कोरबा,10 जून 2024**
**(घटती-घटना)।**

जिले के स्यांग क्षेत्र की घटना है जहां सोमवार सुबह एक दंतैल हाथी के हमले से एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई वही पति ने भागकर बचाई अपनी जान । जानकारी के अनुसार कोरबा वन मंडल के श्याँग क्षेत्र की घटना जहां एक दंपत्ति बासिन से धान बीज लेने गिरारी जा रहे थे । जब दंपति ऐलोंग से कलमी टिकरा पहुंचे तो अचानक झाड़ियों से निकल दंतैल हाथी ने उन पर हमला कर दिया । जिससे घटना स्थल पर ही हाथी के हमले से महिला की मौत हो गई जबकि पति ने भागकर अपनी जान बचाई । इस घटना से ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल हैं । दंपत्ति बासीन गांव के निवासी हैं । मृतिका का नाम यादो बाई कंवर 50 वर्ष और पति वृक्ष राम कंवर हैं । उक्त घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई,जिसपर जानकारी मिलते ही विभाग के अधिकारी घटना स्थल पहुंचे ।


**न्यायालय नजुल अधिकारी सूरजपुर जिला सूरजपुर( छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.202401262000006/अ-20(4)/2023-24

**ईश्तहार**

अगामी तिथि 25/6/2024

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था /विभाग को एतद् द्वारा सुचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री ताराचन्द नाहटा आ.किशन लाल नाहटा जाति नाहटा निवासी सूरजपुर तहसील सूरजपुर एवं जिला-सूरजपुर (छ0ग0 )के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नं02132/2रकबा 2530 वर्गफिट भूमि जो नजूल अभिलेख में ताराचन्द नाहटा पिता किशनलाल नाहटा के नाम पर दर्ज हैं। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को भारतीय स्टेट बैंक में प्रधंक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित हैं।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था/ विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक /लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 25/6/2024 को न्यायालयीन अवधि दोपहर 03.00बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 31/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

स्थान-: सूरजपुर
दिनांकः- 31/05/2024

सील

नजुल अधिकारी
सूरजापुर



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भटगांव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.ब-121/2023-24

आम/ जनता ग्राम चुनगढ़ी को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सीताबाई आ0 गोविन्द जाति गोड़ निवासी ग्राम चुनगढ़ी तहसील भैयाथान जिला-सूरजपुर द्वारा अपने पिता गोविन्द का मृत्यु दिनांक 12/07/1985 को मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत् शुल्क अदा कर चालान की प्रति शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसमें कार्यवाही प्रांरभ कर दी गयी हैं।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 15/06/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 31/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भटगांव,सूरजपुर



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भटगांव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.ब-121/2023-24

आम/ जनता ग्राम धरमपुर को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मनोहर आ0 गोरेलाल जाति रजवार निवासी ग्राम पीढ़ा तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर द्वारा अपने बुआ दिलदेश का मृत्यु दिनांक 02/03/2023 को ग्राम धरमपुर मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने बुआ दिलदेश का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत् शुल्क अदा कर चालान की प्रति शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसमें कार्यवाही प्रांरभ कर दी गयी हैं।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 18/06/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 17/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भटगांव,सूरजपुर



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भटगांव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.ब-121/2023-24

आम/ जनता ग्राम चुनगढ़ी को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सीताबाई आ0 गोविन्द जाति गोड़ निवासी ग्राम चुनगढ़ी तहसील भैयाथान जिला-सूरजपुर द्वारा अपने चचेरा बाबा मोहन का मृत्यु दिनांक 10/05/1980 को मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने चचेरा बाबा मोहन का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत् शुल्क अदा कर चालान की प्रति शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसमें कार्यवाही प्रांरभ कर दी गयी हैं।जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 15/06/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 31/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भटगांव,सूरजपुर



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202405020700271**

विषयः-ब-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-24

फुन्दुरविहारी प.ह.नं.00016(192/ 2(0.016हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-विरेन्द्र तिर्की,
अनावेदक पक्षकार-मधुरिमा फि लीप,मु.किरण, फिलीप बेवा लल्लू फिलीप ,फिलीप,

**ईश्तहार**

आवेदक बिरेन्द्र तिर्की आ0 जोसेप तिर्की, ,निवासी ग्राम-इंदिरानगर ,तहसील अंबिकापुर ,जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नं0 192/2 में से रकबा 0.016 हे0 भूमि के पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं,

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/06/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
अंबिकापुर सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202401020700241**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-24

हर्राटिकरा प.ह.नं.00024(हे0)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-अर्चना कुमारी,अर्चना कुमारी,
अनावेदक पक्षकार-लक्ष्मण ,लक्ष्मण,

**ईश्तहार**

आवेदक अर्चना कुमारी पत्नी पंकज तिवारी ,निवासी-नमनाकला ,तहसील अंबिकापुर ,जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम हराटिकरा स्थित खसरा नं0 378/9` रकबा 0.191 हे0 में से रकबा 0.034 हे0 भूमि के पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं, जो ई-नामांतरण पोर्टल से कोर्ट में प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/06/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रुस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
अंबिकापुर सरगुजा

# नीरज चोपड़ा दबाव को संभालना और उसे प्रेरणा में बदलना सीख लिया है

**नई दिल्ली,10 जून 2024।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक को डिफेंड करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दावा किया है कि वह पेरिस ओलंपिक में देश की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे।नीरज चोपड़ा ने टोक्यो 2020 में पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट में 87.58 मीटर थ्रो कर जीत पक्की करते हुए ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा था।पेरिस 2024 से पहले, चोपड़ा ने जियो सिनेमा के 'गेट सेट गोल्ड' पर दिनेश कार्तिक से बात की और उन्होंने यह भी बताया कि वो पेरिस 2024 में दबाव का सामना कैसे करेंगे।चोपड़ा को पेरिस 2024 में मेडल जीतने के लिए पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक माना जा रहा है।नीरज ने कहा, ÷दबाव तो है, क्योंकि पूरे देश की उम्मीदें मुझ पर टिकी हैं। लेकिन धीरे-धीरे मैंने दबाव को संभालना और दबाव को प्रेरणा में बदलना सीख लिया है। इसलिए हम इसके लिए तैयार हैं।÷विश्व चैंपियन 2023 ने बताया कि कैसे उनकी टोक्यो2020 जीत और उनकी हालिया विश्व चैंपियनशिप जीत ने भारतीय एथलीटों को साबित कर दिया कि वे अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए सभी मानसिक बाधाओं को पार कर सकते हैं।नीरज ने कहा, भारतीय एथलीटों की मानसिकता बदल रही है। पहले हम सोचते थे कि विदेशी एथलीट



मजबूत हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करना कठिन है, पदक जीतना या ओलंपिक स्वर्ण जीतना कठिन है। लेकिन अब जब ऐसा हुआ है, तो मुझे एहसास हुआ कि यह सिर्फ एक मानसिक बाधा है।टोक्यो के बाद भी, मैं पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में था और फिर से मैंने स्वर्ण पदक जीता। अब मुझे यकीन हो गया है कि यह सिर्फ एक मानसिक बाधा है और कुछ नहीं। कार्तिक को जैवलिन थ्रो की मूल बातें बताने के बाद, चोपड़ा ने उन पांच पॉइंट्स पर चर्चा की, जो उनके अनुसार एक ओलंपिक चैंपियन तैयार करती है।सबसे पहले, मुझे लगता है कि आपको अपने प्रशिक्षण पर 100 प्रतिशत ध्यान देना चाहिए और सबसे बड़ी बात अपने खेल के प्रति सम्मान होना चाहिए।दूसरा, आपकी डाइट और रिकवरी। तीसरा, आप कितनी अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं और क्या एक खास प्लान के साथ चीजें कर रहे हैं। यह कड़ी मेहनत के साथ-साथ स्मार्ट वर्क भी होना चाहिए। फिर, हमारा परिवार, हमारे आस-पास के लोग, जो हमसे प्यार करते हैं और हमारे बारे में सोचते हैं, वे हमेशा हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।आखिरी चीज जो मुझे सबसे महत्वपूर्ण लगती है, वह है आत्मविश्वास। कभी-कभी, मुझे लगा है कि मेरा थ्रो आखिरी थ्रो तक सही नहीं रहा है। लेकिन मुझे अभी भी खुद पर विश्वास है कि मुझे इसे अंत तक करना है। और कई प्रतियोगिताओं में, मेरा आखिरी थ्रो सबसे अच्छा रहा है।

# पीसीबी ने भारत को दिया ये सुझाव

**» अगले साल की चैम्पियंस ट्राफी में लाहौर में खेले भारत अपने सभी मैच**



**लाहौर,10 जून 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) चैम्पियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गये टूर्नामेंट के 'ड्राफ्ट कार्यक्रम' में यह सुझाव दिया गया है। सूत्र ने कहा, ''हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया गया है।''
भारत ने पिछले साल सुरक्षा चिंताओं की वजह से एशिया कप के लिए पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसके सभी मैच श्रीलंका में कराये गये थे। पाकिस्तान को अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच आईसीसी के इस 50 ओवर के टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी 'ड्रॉफ्ट कार्यक्रम' को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैम्पियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है । पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, हालांकि उसने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी इसी टूर्नामेंट के कुछ मैच अपनी सरजमीं पर कराये थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

# 21 साल के कार्लोस अल्कारेज ने जीता फ्रेंच ओपन



**स्पेन,10 जून 2024।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव को दी मात स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन 2024 में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार 9 जून को रोलां गैरां के फिलिप चैटरियर कोर्ट में खेले गए फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता हासिल अल्कारेज ने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराया। जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव दूसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे। ज्वेरेव इससे पहले 2020 के यूएस ओपन फाइनल में भी पहुंचे थे।
21 साल के कार्लोस अल्कारेज के करियर का ये तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब रहा। इससे पहले अल्कारेज ने साल 2022 में नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया था। वहीं साल 2023 में वह नोवाक जोकोविच को हराकर विम्बलडन टाइटल जीतने में कामयाब रहे थे।

# ओमान को हराकर ग्रूप-बी में टॉप पर पहुंचा स्कॉटलैंड

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा),10 जून 2024।** ब्रैंडन मैकमुलेन के नाबाद 61 और जॉर्ज मुन्से के 41 रनों की बदौलत स्कॉटलैंड ने रविवार देर रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टी20 विश्व कप ग्रूप-बी मैच में ओमान को सात विकेट से हरा दिया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम ने प्रतीक की 54 रन की पारी की बदौलत सात विकेट खोकर 150 रन बनाए।स्कॉटलैंड के सभी गेंदबाजो ने शानदार गेंदबाजी की। सफयान शरीफ को 2 विकेट मिले। वहीं, मार्क वॉट, ब्रेड व्हील, सोल और क्रिस ग्रीव्स को 1 सफलता मिली।151 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले में ही 50 रन जोड़ लिए। हालांकि इस दौरान जार्ज (41) और जोंस (16) आउट होकर पवेलियन लौट गए। लेकिन तीसरे स्थान पर



आए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 153/3 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैकमुलेन ने 31 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्के जड़ते हुए 61 रन की मैच विनिंग पारी खेली।ओमान के गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा। टीम के लिए बिलाल खान, आकिब इलयास और मेहरान खान को 1 विकेट मिला।इस जीत का मतलब है कि स्कॉटलैंड सुपर आठ में पहुंच सकता है। वह नामीबिया के खिलाफ जीत और इंग्लैंड के रद्द हुए मैच के बाद ग्रूप बी की तालिका में शीर्ष पर है।दूसरी ओर, ओमान तीन मैचों में लगातार हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है।स्कॉटलैंड की ओमान पर इस बड़ी जीत के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रूप बी का अंक तालिका भी रोचक हो गया है। साथ ही इंग्लैंड पर सुपर 8 से बाहर होने का खतरा भी बढ़ गया है।

# भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन टीम वर्क दिखाया:हरमनप्रीत



**नई दिल्ली,10 जून 2024।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 16 मैचों में 24 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने अभियान का अंत किया। इसमें 5 जीत, 5 हार और छह ड्रॉ शामिल हैं। वर्तमान में भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन और आयरलैंड सहित 9 टीमों ने भाग लिया।एफआईएच प्रो लीग 2023-24, तीस जून तक जारी रहेगा लेकिन भारत ने अपना 16वां और अंतिम मैच खेला, जिससे उसके एक प्रतिस्पर्धी और महत्वपूर्ण सीजन का समापन हुआ।टीम के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2023-24 हमारे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। नीदरलैंड 2-2 (4-2 शूटआउट), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी कुछ जीत हमारी टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को उजागर करती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा टीम वर्क दिखाया है।भारत के कप्तान एक स्टार परफॉर्मर के रूप में उभरे और भारत के लिए टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहे। अपने नाम 12 गोल के साथ, वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स और नीदरलैंड के जिप जानसेन के साथ टूर्नामेंट के संयुक्त प्रमुख गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं।हरमनप्रीत ने आगामी 2024 पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट के महत्व पर भी जोर दिया।उन्होंने कहा, यह लीग हमारी ताकत और सुधार के क्षेत्रों को समझने में हमारी मदद करने में महत्वपूर्ण रही है। शीर्ष स्तरीय टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से हमें अपने खेल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब हम जानते हैं कि हम कहां खड़े हैं और वैश्विक मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए हमें किन चीजों पर काम करने की जरूरत है।अब भारत बैंगलोर में एक शिविर के लिए लौटने से पहले एक छोटा ब्रेक लेगा, जहां वह अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।कप्तान ने कहा, हमने अपने खेल के उन विशिष्ट पहलुओं की पहचान की है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और आगामी शिविर उन क्षेत्रों पर काम करने में महत्वपूर्ण होगा। हमारा लक्ष्य अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# गोविंदा ने लॉन्च किया अपना ओटीटी फिल्मी लट्टू




बॉलीवुड एक्टर गोविंदा अपने जबरदस्त डांस के लिए पहचाने जाते हैं। फिल्मों में भी गोविंदा ने कमाल किया है और वो हर किसी के फेवरेट एक्टर रहे हैं। गोविंदा ने अपना एक ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जिसका हिंट वो कई दिनों से दे रहे थे। गोविंदा ने बताया है कि उनके ओटीटी पर सब्सक्रिप्शन का प्लान क्या है? एक्टर गोविंदा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें बताया है कि उनका ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च हो गया है। डाउनलोड करके फिल्में देखी जा सकती हैं। इसकी पूरी डिटेल्स गोविंदा ने डिटेल में दी है। गोविंदा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें ओटीटी के बारे में जानकारी दी है। गोविंदा ने लिखा, प्रस्तुत कर रहा हूं मेरा ओटीटी ऐप फिल्म लट्टू। अभी डाउनलोड करें और देखिए मेरी फिल्म आ गया हीरो। इस वीडियो में गोविंदा की फिल्म आ गया हीरो का टीजर शेयर किया गया है। वीडियो में दिखाया गया कि एंटरटेनमेंट का नंबर 1 ऐप जिस पर 149 रुपये पहले साल के लिए सब्सक्रिप्शन लिया जा सकता है। इस ऐप को आप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं और एप्पल स्टोर पर भी डाउनलोड किया जा सकता है। बता दें, इस एप्लीकेशन पर आपको वेब सीरीज, गोविंदा के एक्सक्लूसिव इंटरव्यू और पर्दे के पीछे के फुटेज जैसी कई चीजें देखने को मिलेंगी।. एंटरटेनमेंट के इस ऐप पर आपको बहुत कुछ मिलने वाला है और इसके बारे में गोविंदा ने ही बताया है। अब इसमें क्या-क्या आपको मिलेगा ये आप जब इस ऐप को डाउनलोड करेंगे तब पता चलेगा। गोविंदा ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड डेब्यू किया था. इसके बाद उन्होंने लव 86, हत्या, राजा बाबू,शोला और शबनम,कूली नंबर 1, हीरो नंबर 1, आंटी नंबर 1, दुल्हे राजा, भागम भाग, स्वर्ग, खुद्दार,आग, हम, बनारसी बाबू जैसी बैक टू बैक सुपरहिट फिल्में दी हैं।

# धनुष की 51 वीं फिल्म कुबेर पर आया बड़ा अपडेट



## एक्शन करते दिखेंगे धनुष और नागार्जुन!

रायन और कुबेर धनुष की वे फिल्में हैं, जिन्हें देखने के लिए दर्शक काफी उतावले नजर आ रहे हैं। रायन दो वजह से खास है। पहली वजह है- यह धनुष के करियर की 50वीं फिल्म है और दूसरी- यह बतौर निर्देशक धनुष की दूसरी फिल्म है। वहीं, कुबेर को लेकर भी धनुष के फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है। इस फिल्म पर एक ताजा अपडेट भी सामने आया है।कुबेर की शूटिंग कई दिनों से जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ताजा जानकारी यह है कि इन दिनों इस फिल्म के एक्शन सीन की शूटिंग चल रही है। कहा जा रहा है कि इस सीन में धनुष और नागार्जुन दोनों नजर आने वाले हैं। एक चर्चा यह भी है कि इस फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं।इस फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला कर रहे हैं। फिल्म में धनुष और नागार्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस द्वारा किया जा रहा है। कुबेर का संगीत देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है। बता दें कि निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष कुबेर के जरिए पहली बार साथ में काम कर रहे हैं। इस फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।फिल्म रायन की बात करें तो इसे 13 जून, 2024 को रिलीज किया जाना था, लेकिन फिर खबर आई कि रिलीज की तारीख पीछे खिसका दी गई है। कहा जा रहा है कि रायन को जुलाई या फिर अगस्त में रिलीज किया जा सकता है। बता दें कि फिल्म का एक गाना रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में धनुष के साथ-साथ संदीप किशन, कालिदास जयराम, एसजे सूर्या, सेल्वाराघवन, प्रकाश राज, अपर्णा बालमुरली, दुशारा विजयन और वरलक्ष्मी सरथकुमार भी काम कर रहे हैं।

# अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करेंगी सोनाक्षी



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करने वाली हैं। दोनों काफी समय से साथ में रह रहे हैं, लेकिन अपने रिश्ते को निजी रखा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि सोनाक्षी और जहीर साउथ मुंबई में शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक अपनी शादी से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के निमंत्रण को एक मैगजीन कवर की तरह डिजाइन किया गया है, जिस पर लिखा है अफवाह सच है।रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि 'हीरामंडी' की स्टार कास्ट समेत परिवार और करीबी दोस्तों को ही समारोह में आमंत्रित किया गया है।

# सलमान खान की फिल्म सिकंदर शूटिंग के बारे में नया अपडेट




ए आर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित, सिकंदर में सलमान खान और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में आएगी। सलमान खान भारत के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक हैं और प्रशंसक उन्हें फिर से बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली फिल्म सिकंदर की घोषणा की है और फिल्म निर्माता ए आर मुरुगादॉस और निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ मिलकर काम करेंगे। प्रोडक्शन हाउस नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने अब खुलासा किया है कि सलमान खान इस महीने सिकंदर की शूटिंग शुरू करेंगे। नाडियाडवाला ग्रैंडसन की टीम ने इंस्टाग्राम पर लिखा जून को सबसे बड़े एयर एक्शन सीक्वेंस के विथ एलेक्सांडर की शूटिंग के पहले दिन की तारीख साझा करने के लिए बेहद उत्साहित है! सिकंदर में रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में आएगी। सलमान खान पहले भी चर्चा में रहे थे जब मोटरसायकल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने अभिनेता के घर के बाहर हवा में कई राउंड फायरिंग की और तुरंत घटनास्थल से भाग गए। उनके भाई और अभिनेता अरबाज खान ने एक संयुक्त बयान जारी किया और लिखा, हमारा परिवार इस चौंकाने वाली घटना से स्तब्ध है। दुर्भाग्य से, हमारे परिवार के करीबी होने का दावा करने वाले और प्रवक्ता होने का दिखावा करने वाले कुछ लोग मीडिया को यह कहते हुए बयान दे रहे हैं कि यह सब एक पब्लिसिटी स्टंट है और परिवार अप्रभावित है, जो सच नहीं है और इन विचारों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।÷सलीम खान परिवार के किसी भी सदस्य ने इस घटना के बारे में मीडिया को कोई बयान नहीं दिया है। इस समय परिवार इस अप्रिय घटना की जांच में पुलिस की मदद और सहयोग कर रहा है। हमें मुंबई पुलिस पर भरोसा है और हमें आश्वासन दिया गया है कि वे हमारे परिवार की रक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी क्षमता के अनुसार सब कुछ करेंगे, उन्होंने कहा। काम के मोर्चे पर, सलमान खान को आखिरी बार कैटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 में देखा गया था। वह फिल्म द बुल के लिए करण जौहर के साथ भी काम करेंगे।

# बिग बॉस ओटीटी 3 में एंट्री लेंगी नुपूर सेनन

बिग बॉस ओटीटी अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस बार अनिल कपूर शो को होस्ट करने वाले हैं। अनिल कपूर का ये शो 21 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर शुरू हो रहा है। बिग बॉस ओटीटी 3 को आप 24×7 देख सकते हैं. वहीं इस बार शो में जाने के लिए काफी सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं। ऐसी खबरें आई थीं कि कृति सेनन की बहन नुपुर रियलिटी शो में एंट्री करती नजर आएंगी। हालांकि, अब नूपुर ने खुद ही इन अफवाहों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा कि, ये महज अफवाहें है और उन्हें ये भी नहीं पता कि इस सब की शुरुआत कहां से हुई। नूपुर ने कहा कि उन्होंने कुछ आर्टिकल पढ़े हैं जिनमें कहा गया है कि उनसे पिछले सीजन के लिए भी संपर्क किया गया था और उन्होंने पहले कभी अपने बारे में ऐसी अफवाह भी नहीं सुनी थी। नूपुर से जब पूछा गया कि क्या वह रियलिटी शो में हिस्सा लेने के बारे में सोच रही हैं तो उन्होंने कहा कि, उन्हें नहीं लगता कि उनके पास इन सबके लिए समय है। इस शो में अगर चली गई तो मेरे सारे टेलर और मास्टर जी जब मुझे काम पर लंबे समय तक नहीं देखेंगे तो रोने लग जाएंगे। वहीं



कृति ने भी कहा कि उनकी बहन नुपुर के रियलिटी शो में हिस्सा लेने की अफवाह उन तक भी नहीं पहुंची है। लेकिन अगर ये अफवाह हमारी बिग बॉस यानी उनकी मां गीता सेनन तक चली गई तो वो भी इसके लिए कभी हामी नहीं भरेंगी। वहीं इस शो को लेकर अनिल कपूर भी काफी एक्साइटेड है। उन्होंने अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा था कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं। हम दोनों दिल से जवान हैं, लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है। ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और मजेदार ट्राई करना। मैं बिग बॉस में उसी एनर्जी को 10 गुना ज्यादा लाने जा रहा हूं। मैं इसमें अपना स्वाद लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# जैतखाम तोड़ने के मामले में प्रदर्शन हुआ उग्र

» बलौदाबाजार में कलेक्टर और जिला पंचायत कार्यालय में लगाई आग,

» शहर में कर्फ्यू जैसे हालात





**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** बलौदाबाजार में गिरौद्पुरी धाम की एक बस्ती में बने जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ के विरोध में प्रदर्शन करने आज सतनामी समाज के लोग कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए। इस दौरान लोग उग्र हो गए और कलेक्टर दफ्तर और जिला पंचायत कार्यालय में आग लगाने के साथ ही परिसर में खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ कर उन्हें फूंक दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी जमकर झूमाझटकी हुई। घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। इस घटना के बाद तनाव व्याप्त है और शहर में कर्फ्यू जैसे हालात निर्मित हो गए हैं।

गिरौधपुरी में जैतखाम तोड़े जाने के विरोध में समाज के हजारों की संख्या में लोग दशहरा मैदान में कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। आज यह भीड़ कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत कार्यालय का घेराव करने पहुंच गई। कुछ देर में ही प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की। वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी करने के बाद कलेक्टर कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय में आग लगा दी। समाज के लोगो का आरोप है कि पुलिस ने जैतखाम में तोड़फोड़ के मामले में जिन 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वो असली अपराधी नहीं हैं। इस दौरान आग लगाने के सूचना पर फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां पहुंची हैं। यहाँ मौजूद प्रदर्शनकारियों ने दमकल की 2 गाड़ियों में आग लगा दी और एक में तोड़फोड़ भी की है।

इस घटना के दौरान कलेक्टर कार्यालय के अंदर 100 से 150 लोग फंसे रहे, जो अपने काम से गए थे। उन्हें पीछे से किचन के रास्ते पुलिस बल ने बाहर निकाला। इन सभी को मैदान में सुरक्षित रखा गया है।कई विभागों में रखे दस्तावेज जलकर राख हुए है। कलेक्टर कार्यालय में आग लगने से कई विभागों के दस्तावेज जलकर राख हो गए हैं। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा कारें, बाइक भी जल गए हैं। इनमें सरकारी वाहन भी शामिल हैं।इस घटना के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और भाटापारा की ओर जाने वाले मार्ग से लेकर रायपुर की ओर जाने वाले मार्ग के बीच की दुकानों को बंद करवा दिया है और बाकि स्थानों पर भी लोगो की आवाजाही रोक दी गई है।

### पूजा स्थल में तोड़फोड़ से भड़का है समाज

गिरौद्पुरी धाम से 5 किलोमीटर दूर एक बस्ती मानाकोनी है। यहां पर पुरानी गुफा है, जो बाघिन गुफा के नाम से प्रचलित है। जहां जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ की गई थी। इसके बाद समाज के लोगों ने चक्काजाम किया था। इससे पूरे सतनामी समाज में आक्रोश है।

### गृहमंत्री बोले- जज करेंगे जांच

पूर्व में इस मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को ट्वीट कर कहा था कि पूरे मामले की न्यायिक जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश थे कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली इस घटना की न्यायिक जांच कराई जाए। यह न्यायिक जांच रिटायर्ड जज या कार्यरत जज से कराई जाएगी।

# निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई और सूर्यकांत तिवारी की रिमांड 2 दिन बढ़ी





**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** कोल घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई और घोटाले के किंग-पिंग कहे जा रहे सूर्यकांत तिवारी को रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों को 30 मई को रिमांड पर लिया गया था। अब इन दोनों की ईओडब्ल्यू रिमांड 2 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। 30 मई से लगातार दोनों से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान दो बार रिमांड बढ़ाई भी गई है। दोनों के अलावा निलंबित आईएएस रानू साहू और निलंबित एसएएस सौम्या चौरसिया को भी रिमांड में लिया गया था। चारों को एक साथ बैठाकर भी पूछा गया है। इसके बाद दोनों महिला अधिकारियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

दूसरी तरफ मामले में एक बार फिर ईओडब्ल्यू ने जेल में बंद आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर पेश करने के लिए आवेदन लगाया है। विशेष कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के आवेदन को स्वीकार कर लिया। कल जेल में बंद चार आरोपी लक्ष्मीकांत तिवारी, शिवशंकर नाग, सुनील नायक और निखिल चंद्राकर प्रोडक्शन वारंट पर पेश होंगे। संभव है कि चारों से सूर्यकांत और समीर बिश्नोई की मौजूदगी में भी सवाल-जवाब हो। ब्यूरो की टीम करीब 12 दिन से इन दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। ईओडब्ल्यू की टीम कोल लेवी घोटाले के संबंध में लगातार कार्रवाई कर रही है। पहले इन सभी से जेल में जाकर पूछताछ की गई। लेकिन, अब सभी जिम्मेदारों को ब्यूरो ने रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की।

# इस तारीख को होगी पीईटी, पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा




» स्टूडेंट्स यहां से करें एडमिट कार्ड डाउनलोड

**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल(व्यापमं) की ओर से इंजीनियरिंग और फार्मेसी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए 13 जून 2024 को पीईटी, पीपीएचटी, प्री-एमसीए की प्रवेश परीक्षा होनी है। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। स्टूडेंट्स व्यापमं की वेबसाइट डब्ल्य ूडब्ल्यू डब्ल्यू.व्यापम. सीजी स्टेट.जीओव्ही.आईएन पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

### एग्जाम में ये सभी ले जाना होगा अनिवार्य

मिली जानकारी के मुताबिक इंजीनियरिंग और फार्मेसी के लिए लगभग 40 हजार छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दो रंगीन फोटो और मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य फोटोयुक्त आइडी प्रूफ लेकर परीक्षा देने के लिए केंद्र में पहुंचना है। मूल पहचानपत्र के अभाव पर परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# तोखन साहू को शहरी विकास मंत्रालय का राज्यमंत्री बनाया गया



» मनोहर लाल खट्टर होंगे इनके सीनियर

**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** मोदी 3.0 में शामिल किए गए छत्तीसगढ़ के एकमात्र सांसद बिलासपुर के तोखन साहू को शहरी विकास मंत्रालय का राज्यमंत्री बनाया गया है। मनोहर लाल खट्ट टर इस विभाग के कैबिनेट मंत्री होंगे। इसके अलावा मनोहर लाल को उर्जा मंत्री भी बनाया गया है। उस विभाग में उनके राज्यमंत्री के तौर पर उत्तराखंड के कोटे से मंत्री बने अजय टम्टा काम करेंगे। छत्तीसगढ़ के तोखन साहू को बड़ा मंत्रालय मिला है। मोदी सरकार में छत्तीसगढ़ से मंत्री बनने वालों में उनका पोर्टफोलियो पूर्व के दोनों केन्द्रीय मंत्री सीएम विष्णुदेव साय, रेणुका सिंह से अच्छा बताया जा रहा है।तोखन छत्तीसगढ़ से तीन दिग्गजों को पछाड़कर मंत्री पद हासिल किया है। कैबिनेट गठन से पहले चर्चा थी कि दिग्गज बृजमोहन अग्रवाल और लगातार दो बार से सांसद चुने जा रहे विजय बघेल या संतोष पांडेय को मंत्री बनाया जा सकता है, लेकिन सरकार में तोखन साहू को शामिल किया गया है।

# मुख्यमंत्री साय 13 जून से करेंगे विभागों की समीक्षा


» आला अधिकारी बैठक में होंगे शामिल



**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शासकीय काम-काज में कसावट और तेजी लाने 13 जून से विभिन्न विभागों के काम-काज और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा शुरू करने जा रहे हैं। इस समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री साय 13 जून को दोपहर 01 बजे से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग और 3 बजे से पशुधन विकास, मत्स्यपालन एवं दुग्ध महासंघ के काम-काज की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री 14 जून को 11.30 बजे से स्वास्थ्य विभाग और 3 बजे चिकित्सा शिक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके अलावा साय 15 जून को 11.30 बजे से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा दोपहर 2 बजे से गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे।

# आरोपी नीतीश दीवान की रिमांड बढ़ी



**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले के आरोपी नीतीश दीवान को आज कोर्ट में पेश किया गया। ईओडब्ल्यू ने विशेष कोर्ट में रिमांड के लिए आवेदन लगाया था। यहां से नीतीश दीवान को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कल फिर नीतीश दीवान को विशेष कोर्ट में पेश जाएगा। बता दें कि नीतीश ईडी की न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। आज दोपहर को किया था पेश ईओडब्ल्यू की टीम महादेव सट्टा ऐप में जेल में बंद नीतीश दीवान से सवाल जवाब करना चाहती है। इसके लिए ईओडब्ल्यू की ओर से नीतीश की प्रोडक्शन रिमांड को लेकर आवेदन लगाया गया है।

# नागपंचमी पर स्थानीय अवकाश हुई रद्द



» अब 12 नवंबर को इस त्योहार पर होगी छुट्टी, आदेश जारी

**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन विभाग ने नागपंचमी के स्थान पर पूर्व घोषित स्थानीय अवकाश को रद्द करते हुए देवउठनी एकादशी 12 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। वैसे पूर्व के वर्षों में भी नागपंचमी पर अवकाश नहीं दिया जाता रहा है।

# इस ऐप से किसानों को मौसम के संबंध में मिलेगी सही जानकारी



**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** किसानों और ग्रामीणों के दो सच्चे साथी अब हमेशा उनके साथ रहेंगे। एक उन्हें मौसम संबंधी जानकारी से लैस करेगा, तो दूसरा आकाशीय बिजली की कहर से बचाएगा। छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती-किसानी का काम-काज शुरू हो जाता है। किसान भाई मौसम संबंधी सटीक जानकारी के लिए मेघदूत और आकाशीय बिजली से जनहानि और पशुहानि से बचाव के लिए दामिनी एप्प का सहारा ले सकते हैं।भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने इन दोनों ऐप को लॉन्च किया है। इसे गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को राजस्व विभाग और अन्य विभागों के मैदानी अमले के माध्यम से इन दोनों ही एप्प का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही गांवों में मुनादी करने के निर्देश दिए गए हैं।खेती-किसानी के सीजन में किसानों के लिए मौसम की सटीक जानकारी आवश्यक होती है, इससे खेती-किसानी का काम-काज व्यवस्थित और सुचारू ढंग से करने में मदद मिलती है। मेघदूत ऐप के माध्यम से किसान भाई मौसम पूर्वानुमान जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं मानसून के दौरान ही आकाशीय बिजली की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है, इसके कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचनाएं प्राप्त होती है। इन घटनाओं में कमी लाने और लोगों को सचेत करने के लिए दामिनी ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप के माध्यम से 20 से 31 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान मिल जाएगा। इससे पशुहानि और जनहानि को रोकने में मदद मिलेगी।जब ठंडी हवा संघनित होकर बादल बनती है तब इन बादलों के अंदर गर्म हवा की गति और नीचे ठंडी हवा के होने से बादलों में धनावेश (पॉजिटिव चार्ज) ऊपर की ओर एवं ऋणावेश (निगेटिव चार्ज) नीचे की ओर होता है। बादलों में इन विपरीत आवेशों की आपसी क्रिया से विद्युत आवेश उत्पन्न होता है। इस प्रकार आकाशीय बिजली उत्पन्न होती है। फिर धरती पर पहुंचने पर आकाशीय बिजली बेहतर चालक को तलाशती हैं, जिससे वह गुजर सके। इसके लिए धातु और पेड़ उपयुक्त होते हैं। बिजली अक्सर इन्हीं माध्यमों से पृथ्वी में जाने का रास्ता चुनती है। इसलिए बरसात के दिनों में लोग बिजली के खंभों, पेड़ों और धातुओं से दूर रहना चाहिए तथा बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें। जितना हो सके आकाशीय बिजली की स्थिति में मोबाइल का उपयोग नहीं किया जाए।

# सर्च ऑपरेशन के दौरान 9 नक्सली गिरफ्तार किए गए



**बीजापुर, 10 जून 2024(ए)।** नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों के आतंक के बीच सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 9 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीआरजी, कोबरा 205, सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने की है।जानकारी के अनुसार, बीजापुर में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में सघन सर्चिंग किया जा रहा है। इस दौरान उसूर, नैमेड थाना क्षेत्रान्तर्गत कडेर और आवापल्ली के जंगलों में डीआरजी, कोबरा 205, सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने 09 माओवादियों मिलिशिया को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए माओवादी लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थे। पकड़े गए 09 माओवादी क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध करने, ढ्रश्ष्ठ प्लांट करने, शासन विरोधी पम्पलेट, बैनर लगाने, हत्या, आगजनी जैसे घटना में शामिल है। सभी के विरुद्ध थाना उसूर और नैमेड में वैधानिक कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

# जग्गी हत्याकांड का आरोपी जबरन आईसीयू में भर्ती





**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** जग्गी हत्याकांड के एक आरोपी को मेकाहारा के आईसीयू शिफ्ट किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पिछले माह सरेंडर करने वाले आरोपी को चार दिन पहले स्वास्थ्य गत कारणों से मेकाहारा में भर्ती किया गया था। पहले सामान्य वार्ड में इलाज के बाद उसे आईसीयू शिफ्ट किया गया है। डॉक्टर उसके स्वास्थ्य को स्थिर बता रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन कारणों से आई सी यू शिफ्ट किया गया है। इधर जेल सूत्रों ने बताया कि इस मामले के कुछ और आरोपियों की भी तबीयत बिगड़ सकती है । इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बता दें कि कोल घोटाले के आरोपियों को जेल में दी गई वीआईपी सुविधा को लेकर जांच की खबरे आ रहीं हैं।

# आईटीआआई में छात्रावास अधीक्षक और अधीक्षिका के पदों पर दस्तावेज सत्यापन 13 जून को



**रायपुर, 10 जून 2024(ए)।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर अभ्यर्थियों का छठवें चरण का दस्तावेज सत्यापन 13 जून को प्रातः 09:30 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस/व्हाट्सएप्प पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट एच टी टी पी एस :// सीजी आई टी आई. सी जी स्टेट.जीओव्ही.आईएन/ तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस को दोपहर 01:00 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा/ आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)